इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -200 राजनांदगांव, शुक्रवार 07 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....

गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
* नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 * खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

# 'पीएम और मंत्रियों ने पहली बार चुनाव के दौरान शेयर बाजार पर टिप्पणी की', राहुल बोले- यह घोटाला



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि शेयर बाजार पर सरकार की ओर से की गई टिप्पणी से लाखों खुदरा निवेशकों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि यह शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी संसदीय समिति से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री ने, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक मार्केट पर टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने दो-तीन चार बार देश को कहा कि स्टॉक मार्केट तेजी से आगे बढ़ने जा रहा है। स्टॉक मार्केट में निवेश करने के लिए कहा।

अमित शाह कहते हैं कि 4 जून से पहले शेयर खरीदें। मोदी कहते हैं कि चार जून को स्टॉक खरीदें। 1 जून को मीडिया झूठे एग्जिट पोल निकालती है। भाजपा को जो आंतरिक एग्जिट पोल था, उसमें उसे 220 सीटें मिल रही थीं। आंतरिक एजेंसियों ने सरकार को 220 से 230 सीटों के मिलने के बारे में बताया था। स्टॉक मार्केट तीन जून को सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को धड़ाम हो जाता है। राहुल ने कहा, 'ये दिखाता है कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ रुपये यहां निवेश हुए। स्टॉक मार्केट गिरने के बाद 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये जो आप देख रहे हैं वह स्टॉक मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा नुकसान है।'

### राहुल ने सवाल किया- पीएम ने खुद देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी?

राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अदाणी जी के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए। मोदीजी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसे लेकर हमारे पास सवाल हैं। हम इस घोटाले को लेकर जेपीसी की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था।

### राहुल बोले- भाजपा को पता था उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला

रायबरेली व वायनाड से विजयी सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाज़ार पर टिप्पणी दी। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि शेयर बाज़ार तेज़ी से बढ़ने जा रही है... उनके मैसेज को वित्त मंत्री और गृह मंत्री ने भी आगे बढ़ाया। अमित शाह कहते हैं 4 चार जून से पहले शेयर खरीदें। प्रधानमंत्री ने भी यही कहा और 28 मई को फिर से दोहराया... 3 जून को शेयर बाज़ार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को शेयर बाजार नीचे चला जाता है।÷ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ÷भाजपा के सबसे बड़े नेताओं ने रिटेल इंवेस्टर को मैसेज दिया है... उनके पास जानकारी थी कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला है, वे जानते थे की 3-4 जून को क्या होने वाला है... 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और हजारों-लाखों करोड़ रुपए का चुने हुए लोगों को फायदा हुआ है, हम प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, जिन्होंने एग्जिट पोल किया उन पर और विदेशी निवेशकों पर जांच चाहते हैं।

# मोदी 9 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, सांसदों को दिल्ली बुलाया गया



शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी

नई दिल्ली(दावा)। नरेंद्र मोदी तीसरी बार 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों की मानें तो मोदी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के लिए रविवार का दिन तय हो चुका है। विदेशी मेहमानों को भी यही बताया गया है। वो 9 जून को ध्यान में रखकर ही शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंचेंगे। इससे पहले, शुक्रवार, 7 जून को बीजेपी संसदीय दल की बैठक होगी जिसमें नरेंद्र मोदी को नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए

### राष्ट्रपति ने भंग कर दी 17वीं लोकसभा

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज है। बुधवार को दिल्ली में एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दलों ने अलग-अलग बैठकें कीं। दोनों ही गठबंधनों में अपने-अपने सहयोगी दलों के बीच भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पीएम आवास पर हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वर्तमान लोकसभा को भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17वीं लोकसभा को भंग कर दिया। राष्ट्रपति ने मोदी कैबिनेट की विदाई भोज भी दिया

### इस बार खिचड़ी सरकार

राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को ही बयान जारी कर यह बताया था कि नए केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण की तैयारी के लिए राष्ट्रपति भवन 5 से 9 जून तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। ध्यान रहे कि मंगलवार, 4 जून को आए चुनावी नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 293 सीटों के साथ फिर से बहुमत मिला है। वहीं, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया 234 सीटों तक सीमित रह गई है। बीजेपी को अकेले 240 सीटें मिली हैं जो 272 के बहुमत के आंकड़े से 32 कम है। वहीं, कांग्रेस पार्टी अपना प्रदर्शन सुधारकर भी 99 सीटों तक ही पहुंच पाई है। मतलब साफ है कि इस बार भी भले ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनें लेकिन उन्हें गठबंधन दलों की बैशाखी पर टिकी सरकार चलानी होगी।

### पड़ोसी देशों के प्रमुख भी शपथ ग्रहण समारोह के होंगे हिस्सा

नरेंद्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी मित्र देशों के राष्ट्र प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'देश को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं, शेयर बाजार में घोटाले के आरोपों पर पीयूष गोयल का पलटवार



नई दिल्ली। भारत के अर्थव्यवस्था की उपलब्धि साधारण उपलब्धि नहीं है। पूरा विश्व इसे गंभीरता से देख रहा है और समझ रहा है। भारत का विकास पीएम मोदी के नेतृत्व में होने जा रहा है। एक बार फिर मोदी सरकार बन रही है, इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान नजर आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने बयान से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। इक्विटी मार्केट में चुनाव के हिसाब से अलग अलग तरीके से बदलाव होते रहते हैं। ये बातें भाजपा नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के शेयर बाजार में घोटालों के आरोपों के पलटवार में कही है। गोयल ने यह भी कहा कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है।

गोयल ने कहा, दुनिया भर में इस तरह से इक्विटी मार्केट चलती है। देखना यह है कि लंबे अरसे में इक्विटी मार्केट में क्या हुआ है। देश के निवेशक जानते हैं कि पिछले दस वर्ष के सफलतापूर्वक मोदी सरकार के कार्यकाल में हमारा मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ का कीर्तिमान हासिल किया है। पीएसयू का मार्केट कैप भी चार गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ा है। यूपीए काल में भारत का मार्केट कैप मात्र 67 लाख करोड़ रुपये था। आज यह बढ़कर 415 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 348 लाख करोड़ रुपये की बढ़त पिछले दस वर्षों में हुई है।

गोयल ने कहा, पिछले 60 वर्षों में भारतीय बाजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुना मोदी सरकार के कार्यकाल में हासिल किया गया। इसका सबसे बड़ा लाभ भारतीय निवेशकों विशेषकर खुदरा निवेशकों को इसका लाभ हुआ। आज वो सिर्फ मार्केट को दूर से नहीं देखते। आज वो निवेश करने उसका सीधा लाभ लेते हैं। एफपीआई की होल्डिंग यूपीए काल में 21 प्रतिशत थी वो आज घटकर 16 प्रतिशत हो गई है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी कम हुई है और भारतीय निवेशकों की बढ़ी है। यह 79 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है।

# कंगना को महिला कॉन्स्टेबल ने थप्पड़ मारा : बोली- इसने कहा था किसान आंदोलन में महिलाएं 100 रु. लेकर बैठती हैं, वहां मेरी मां भी थी



चंडीगढ़। मंडी संसदीय सीट से विजेता कंगना रनौत को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली रवाना होने के दौरान चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना रनौत को कथित रूप से थप्पड़ मारा गया है। जानकारी के अनुसार वह आज दिल्ली के लिए रवाना हो रही थीं। थप्पड़ मारने को लेकर दावा किया जा रहा है कि सीआईएसएफ गार्ड कंगना रनौत के किसान आंदोलन के खिलाफ बयान को लेकर नाराज थीं।

### दिल्ली के लिए हो रही थीं रवाना

बता दें कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुनी गईं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत आज दिल्ली के लिए रवाना हो रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर भी शेयर की। कंगना ने इस बीच तस्वीर को कैप्शन भी दिया था- संसद के लिए जा रही हूं- मंडी की सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली कंगना ने विक्रमादित्य सिंह को 74755 वोटों से हराया था। कंगना को कुल 5,37,022 वोट मिले थे। बता दें कि कंगना ने अपने पहले चुनाव में जीत हासिल की। इसी के साथ हिमाचल की अन्य तीन सीटों पर भी भाजपा परचम लहरा पाने में सफल हुई।

# नीतीश कुमार ने अग्निवीर-यू. सी .सी . पर कर दी ये बड़ी डिमांड, मोदी 3.0 सरकार बनने से पहले ही प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू



नई दिल्ली (दावा)। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एनडीए में सहयोगी दल खास जेडीयू मोदी सरकार पर दबाव बनाने में जुट गई है. नीतीश कुमार प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत मोदी 3.0 सरकार बनने से पहले ही अपनी बड़ी डिमांड रख रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार यानि जेडीयू चाहती है कि अग्निवीर पर नए तरीके से सोचा जाए. इसके अलावा पार्टी का मानना है कि यूसीसी एक पेचीदा विषय है, लिहाजा सभी लोगों से इस पर व्यापक चर्चा हो. इसके अलावा एक देश-एक चुनाव पर जेडीयू ने सरकार को समर्थन दिया है. दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर शुरू से सभी राजनीतिक दलों में गतिरोध रहा है. इस मुद्दे पर सबकी अपनी-अपनी राय है. कोई चाहता है देश में लागू किया जाना चाहिए, जबकि कई दल इसके पक्ष में नहीं है. उधर, अग्निवीर योजना को लेकर भी मतभेद हैं. ज्यादातर राजनीतिक दल इसके पक्ष में नहीं हैं. केवल बीजेपी ही इन दोनों को लेकर अडिग है. हालांकि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर नीतीश ने नरम रुख दिखाया है और इस पर अपनी सहमति दे दी है. वहीं, नीतीश कुमार भी प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत अपनी ज्यादा से ज्यादा मांगें सरकार बनने से पहले ही रख दे रहे हैं. सूत्र बता रहे हैं कि नीतीश नई सरकार में तीन बड़े मंत्रालय भी चाहते हैं.

# छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के दौरान हो सकता है विधानसभा उपचुनाव





- चार विधायक चुनाव मैदान में उतरे थे, इनमें से केवल रायपुर दक्षिण सीट से बृजमोहन अग्रवाल ही चुनाव जीते
- छत्तीसगढ़ में नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव होंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद विधानसभा उप चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान उप चुनाव की संभावना है। प्रदेश में नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव होंगे। प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों में चार विधायक चुनाव मैदान में उतरे थे।

लोकसभा के चुनावी रण में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पाटन से कांग्रेस विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई के विधायक देवेंद्र सिंह यादव और कोंटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा उतरे थे। इसमें से सिर्फ बृजमोहन अग्रवाल रायपुर संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। अब यह तय हो गया है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव होंगे। इसके साथ ही राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर भी सुगबुगाहट शुरु हो गई है।

### विधायकी चुने या सांसदी, तय करने को 14 दिन समय

जानकारों के अनुसार, दो सदनों में चुने जाने पर किसी एक को चुनने के लिए समय मिलता है। ऐसा नहीं है कि दूसरे सदन की जीत का प्रमाणपत्र मिलते ही किसी एक सदन से इस्तीफा दिया जाए। विधायिका के नियमों के अनुसार, किसी एक सदन का सदस्य दूसरे के लिए चुना जाता है तो उसे किस सदन में सदस्य बने रहना है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की 70 लाख हितग्राहियों की होगी जांच





- गलत तरीके से महतारी वंदन योजना का लाभ लेना पाए जाने पर अपात्र हितग्राहियों से राशि की वसूली भी होगी
- महिलाओं ने स्वयं के अलावा पति के आधार कार्ड नंबर से भी किया आवेदन
- अपात्र महिलाओं ने शपथ पत्र में दी गलत जानकारी

रायपुर। महिला व बाल विकास विभाग ने महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों की पात्रता फिर से जांचने की तैयारी की है। जांच में गलत तरीके से योजना का लाभ लेना पाए जाने पर अपात्र हितग्राहियों से राशि की वसूली भी होगी। विभाग ने यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाने का निर्णय लिया है जिसमें योजना का लाभ अपात्र महिलाओं के द्वारा लिए जाने की बात सामने आई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार शासकीय सेवा में पदस्थ, सेवानिवृत्त या पेंशन का लाभ ले रहीं बहुत सी महिलाओं ने आवेदन किया और उनमें से कई महिलाएं योजना से लाभान्वित भी हो रही हैं। ऐसे भी मामले आए हैं, जिनमें एक ही आवेदक ने दो- दो आवेदन किए और दोनों ही स्वीकृत हो गए हैं। ऐसी महिलाओं के खाते में दो-दो बार राशि हस्तांरित हो रही है।

ऐसे अधिकतर मामलों में आवेदकों ने स्वयं के अलावा अपने पति या स्वजन का भी आधार कार्ड नंबर आवेदन में लगाया था। सत्यापन के दौरान यह पकड़ में नहीं आया। विभाग एक नाम वाले 20 हजार से अधिक आवेदनों की जांच कर रहा है। इनमें नाम, पता, जन्मतिथि समान हैं। शासकीय सेवा में पदस्थ एक अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उनके दोस्त की पुत्रवधु रायपुर के विश्वविद्यालय में कर्मी हैं, इसके बाद भी योजना का लाभ मिल रहा है।

### नए आवेदन का इंतजार

छत्तीसगढ़ में अभी भी बहुत सी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिला है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्हें महतारी वंदन योजना 2.0 शुरू होने की उम्मीद है। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही आवेदन जमा करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। 10 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी की गई थी। पीएम ने 70.14 लाख से अधिक महिलाओं को 655.57 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की थी।

### दो लाख से अधिक खाते आधार से नहीं हुए लिंक

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाली दो लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हुए थे।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एनसीपी में होने वाला है बड़ा खेला! अजित पवार ने बुलाई थी बड़ी बैठक, नहीं आए 5 विधायक



मुंबई। महाराष्ट्र में हुए लोकसभा चुनाव के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के नेताओं में बेचैनी का माहौल है। दरअसल एनसीपी के संस्थापक शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने राज्य भर में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, इनमें से 8 सीटों पर जीत हासिल की है। जबकि अजित पवार गुट ने चार सीटों पर प्रत्याशी उतारे, इनमें से एकमात्र रायगढ़ सीट पर विजय मिली। खुद अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपनी भाभी सुप्रिया सुले से हार गईं।

महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी को जबरदस्त सफलता मिली है। जबकि सत्तारूढ़ महायुति को तगड़ा झटका लगा है। एमवीए में कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और शिवसेना है, वहीं महायुति में बीजेपी, एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना है। चुनाव आयोग के मुताबिक, राज्य में कांग्रेस को 13 सीटें मिली है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में महज एक थी। जबकि 23 सीटें जीतने वाली बीजेपी इस साल 9 सीटों पर सिमट गई है। इस बार लोकसभा चुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को 9, एनसीपी (शरद पवार) को 8, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) को 7, एनसीपी (अजित पवार) को एक और अन्य को एक सीट पर सफलता मिली है।

लोकसभा चुनाव के छह महीने बाद राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे. फिलहाल राज्य की जनता विपक्षी खेमे के पक्ष में ज्यादा नजर आ रही है। इसलिए अजित पवार गुट में बेचैनी बढ़ रही है। अजित पवार ने आज अपनी पार्टी के विधायकों की अहम बैठक बुलाई थी। खबर है कि इस बैठक में 5 विधायक अनुपस्थित रहे।

### अटकलों का बाजार गर्म

अजित पवार गुट के मंत्रियों की आज अजित पवार के 'देवगिरी' बंगले पर बैठक हुई। इसके बाद ट्राइडेंट होटल में सभी विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में 5 विधायक नहीं आये। जानकारी सामने आ रही है कि इन पांचों विधायकों ने पार्टी के वरिष्ठों को अपने कारण बताए हैं। लेकिन राजनीतिक गलियारों में विधायकों की गैरमौजूदगी की जमकर चर्चा हो रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज अजित पवार गुट के विधायकों की बैठक में नरहरि जिरवाल, सुनील टिंगरे, राजेंद्र शिंगणे, अन्ना बनसोडे, धर्मराव बाबा आत्राम बैठक अनुपस्थित रहे। खबर है कि बैठक के दौरान अजित खेमे ने इस बात पर चर्चा कि की जल्द से जल्द महाराष्ट्र कैबिनेट का विस्तार किया जाए। साथ ही लोकसभा चुनाव में हार के कारणों पर भी मंथन किया गया।

### 'हम एकजुट हैं'

महाराष्ट्र एनसीपी के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने कहा, जानबूझकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि हमारे विधायक एनसीपी शरद पवार गुट के संपर्क में हैं, हमारे सभी विधायक हमारे साथ हैं और हम एकजुट हैं। ऐसी अफवाहें और फर्जी वीडियो चुनावों के दौरान भी प्रसारित किया जा रहा था।

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखे व्रत... की वट सावित्री की पूजा

## वट सावित्री पर्व पर समाजसेवी महिलाओं ने बाटे मठा-शर्बत एवं खाद्य सामग्री... बना रहा धर्ममय माहौल

राजनांदगांव(दावा)। जेष्ठ माह की अमावस्या को सुहागिन महिलाओं ने जहां अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री व्रत रखकर बरगद वृक्ष की पूजा की वही गुरूवार 6 जून को स्नान-दान अमावस्या व शनि जन्मोत्सव होने के कारण भगवान शनिदेव का जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के कामठी लाईन, स्टेशन पारा, इंदिरा सरोवर, भरका पारा सहित रानी सागर तालाब तट स्थित शनि मंदिर में भक्तों की भीड़ रही जहां भगवान शनि में तैल, तिल, उडद दाल सहित काले कपड़े में लपेट कर नारियल फल अर्पित किया गया। इस दिन नदी-सरोवर में स्नान ध्यान सहित दान-पूण्य के कार्य भी सम्पन्न किए गए।

इस दौरान शहर के शनि मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। रानी सागर तट स्थित शनि मंदिर के आसपास लाखों दीए का प्रज्वलन कर माहौल को जगमग किया गया। दीप प्रज्वलन कार्य में समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूषों ने भाग लिया।

### वट सावित्री पूजा

वट सावित्री व्रत के दिन शहर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने-अपने मुहल्ले में एकत्रित होकर विधि-विधान के साथ बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सोलह श्रृंगार से युक्त नए वस्त्र परिधान धारण महिलाए बड़े मनो योग से सत्ती सावित्री को याद कर बरगद वृक्ष की पूजा की। वट वृक्ष के चारो ओर मौली धागा, श्वेत सूत्र लपेट कर तथा वृक्ष महराज को फल-फूल मेवा आदि अर्पित कर अपने घर-परिवार की खुशहाली सहित अपने पति की लम्बी आयु की प्रार्थना की।



शहर में शनि जन्मोत्सव पर पूजा-आराधना की रही धूम

बता दे कि पौराणिक मान्यता के अनुसार पतिव्रता नारी सावित्री ने अपने पति सत्यवान की अल्पायु में मृत्यु होने पर मृत्यु के देवता यमराज से लड़ बैठी और अपने पति की प्राण वापिस लेकर दम लिया। अपने सतीत्व के बल पर सावित्री ने मृत्यु के देवता यमराज को सत्यवान के प्राण वापिस करने बाध्य कर दिया। उसी सती नारी के सतीत्व पर गर्व की अनुभूति करते हुए सौभाग्यवती महिलाए अपने अखंड सुहाग की कामना से प्रति वर्ष जेष्ठ माहकी अमावस्या पर यह व्रत करती है और दोपहर के समय बरगद के पेड़ की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान से अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है। इस दिन स्नान दान-पूण्य के कार्य भी सम्पन्न किए गए। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने पति की दीर्घायु की कामना से व्रत रखा और बरगद वृक्ष की विधि-विधान से पूजा की।

### मठा शर्बत का वितरण

वट सावित्री व्रत के दिन अपने पति की दीर्घायु की कामना से उपवास रखने वाली महिलाओं के लिए समाजसेवी महिलाओं का संगठन श्री दादी झनकार महिला मंडल की सदस्यों ने भदौरिया चौक पर स्टाल लगाकर लोगों में मठा व शर्बत बांटे। इस दौरान व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए साबूदाने से बने खाद्य सामग्री भी वितरित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती अनिता लोहिया, रंजना अग्रवाल, श्रीमती साधना, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, रितिका, पलक, अर्चना लोहिया, आशा लोहिया, सुनीता सिंघल आदि महिलाओं ने 3 हजार ग्लास से अधिक मठा एवं शर्बत बाटे वही आलू चिप्स, साबूदाना चिप्स आदि का वितरण किया। महिलाओं का सहयोग पवन लोहिया, राजेन्द्र अग्रवाल ने किया।

### भवानी नगर में सावित्री पूजा

जेष्ठ माह की अमावस्या को नगर की समाजसेवी महिलाओं ने भवानी नगर (बसंतपुर) में समाजसेवी महिला श्रीमती शारदा तिवारी के यहां एकत्रित होकर वट सावित्री व्रत का पूजा-अर्चना किए। इस दौरान उपस्थित रितिका तिवारी, श्रद्धा रेड्डी, विद्या पांडे, सरला देवी, रानी देवांगन, प्रेरणा पांडे, अनीता आदि महिलाओं ने वट वृक्ष के फल-फूल मेवा आदि चढ़ाकर तथा तिलक चंदन अर्पित कर वट वृक्ष के मौली धागा चारो ओर लपेटे और वृक्ष की परिक्रमा करते हुए अपने पति के लम्बे जीवन सहित उसके निरोगमयता की कामना की। अंत में धार्मिक गीत भी प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया।

## पेंशनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश की संयुक्त बैठक 10 जून को

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर की संयुक्त बैठक 10 जून 2024 दिन सोमवार को 12.30 दिन से पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय चुनाव हेतु मतदाता सूची जिला एवं तहसील से मांगी जावेगी तथा आगे का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। नए सदस्यों का सम्मान किया जावेगा एवं इस माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन है, उनका जन्मदिन मनाया जावेगा। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डी.एन. साहू, प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह, प्रांतीय कोषाध्यक्ष एस.के. सिंह, सचिव डी.डी. पाण्डे, जिला महामंत्री जी.आर. देवांगन कोषाध्यक्ष गैंदराम देवांगन, नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे, उपाध्यक्ष एस.डी. साव, विजय लाल निषाद कोषाध्यक्ष, चिंताराम साहू सचिव ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी बीटी वाल्दे द्वारा दी गई है।

## पहला कॉलम...

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव 20 अगस्त तक आमंत्रित



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्मविभूषण, पद्मभूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। जिले के योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 20 अगस्त 2024 तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल पर बताई गई है। पद्म पुरस्कारों से संबंधित विधान एवं नियमावली वेबसाईट https://padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है।

### युवा किसान एनेश्वर वर्मा को नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा संस्थान) के तत्वावधान में 6 जून 2024 को नई दिल्ली के डॉ. बीपी पाल ऑडिटोरियम में देशभर के प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राजनांदगांव के युवा किसान एनेश्वर वर्मा को नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय पुरस्कार से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है। गौरतलब है कि एनेश्वर वर्मा का खेत किसी प्रयोगशाला से कम नहीं है। यहां हर दिन किसान नई जानकारी लेने आते रहते हैं। आज वे अपने जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में प्रगतिशील किसान के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें यह सम्मान मिलने पर छत्तीसगढ़ी वासियों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

### राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के तहत बुजुर्गो का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

राजनांदगांव (दावा)। जिले में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित शहरी आयुष्मान आयोग्य मंदिर में राष्ट्रीय वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम सियान जतन क्लीनिक का आयोजन किया गया है। जिसके तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 60 वर्ष उम्र के बुजुर्ग व्यक्तियों का निःशुल्क जांच कर उपचार किया गया और 161 व्यक्तियों का बुजुर्ग कार्ड बनाया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर रेवाडीह में वयोवृद्धों नेत्र जांच किया गया। जांच में मोतियाबिंद के 11 मरीजों को जिला चिकित्सालय जांच हेतु भेजा गया। नेत्र जांच शिविर में कुल 21 बुजुर्ग लाभान्वित हुये और जिन्हे चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में कुल ओपीडी में 263 बुजुर्गों की जांच की गई। जिसमें उच्च रक्तचाप के 155, मधुमेह के 139 एवं अन्य 90 बुजुर्गों को स्वास्थ्य जीवन शैली के बेहत्तर स्वास्थ्य के लिए योग, नियमित रूप से व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक सलाह दी गई।

## एनपीएस में ब्रम्हाकुमारी द्वारा प्रेरक संभाषण



राजनांदगांव (दावा)। पेण्ड्री स्थित नगर की अग्रणी एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री के शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस पर आज शाला प्रांगण में ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से एक प्रेरणास्पद कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति, स्वयं की पहचान तथा एक सदाचारी जीवन के निर्माण हेतू शिक्षाप्रद सम्बोधन का लाभ उठाया। ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव शाखा की प्रमुख ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी जी ने अपने उद्बोधन में ये बताया कि स्वयं को हम किस तरह पहचाने और अपने चरित्र निर्माण हेतु किस तरह ध्यान को अपने जीवन में उतार कर सदचरित्र का निर्माण करें।

उन्होंने ये बताया कि व्यक्तिगत रूप से अगर हम अपना चरित्र निर्माण करते हैं, तो अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। प्रयोगात्मक रूप में शिक्षक-शिक्षिकाओं को ध्यान करवाया गया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी जी का परिचय देते हुए इस अवसर को अभूतपूर्व बताया तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के चरित्र निर्माण हेतु इसे एक अद्भुत पहल बताया।

## दिव्यांगजनों के लिए 19 जून से 31 जुलाई 2024 तक शिविर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण एवं विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृद्धि करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 जून 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 29 जून 2024 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 3 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 10 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगोंदी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 20 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबहादुर नगर, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 24 जुलाई 2024 को 24 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 31 जुलाई 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिवों को शिविर का प्रचार-प्रसार करने तथा दिव्यांगजनों को निकट के शिविर स्थल पर लाने व ले जाने के निर्देश दिए हैं।

## किराए के मकान में चल रहे सेक्स रैकेट में पुलिस की रेड, 10 युवक-युवतियां गिरफ्तार

धमतरी (दावा)। किराए के मकान में चल रहे देह व्यापार खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शहर के दानी टोला वार्ड से सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ दिया है। इसमें पुलिस ने दबिश देकर 10 लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि इसमें कई लड़कियां राज्य के बाहर से भी हैं दरअसल कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी की एक घर में चोरी छिपे देह व्यापार चलाया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने दानीटोला वार्ड जैविक खाद रोड धमतरी में स्थित मकान में छापा मारा, यहां देह व्यापार में लिप्त युवक एवं युवतियों को रंगे हाथ पकड़ा।

## सामाजिक भवन निर्माण हेतु गुरूदेव का सहयोग सराहनीय कदम

राजनांदगांव (दावा)। दिल्लीवार कुर्मि क्षत्रिय समाज नगर ईकाई राजनांदगांव में बड़ी संख्या में लोग निवासरत है और शासकीय, अशासकीय, निजी व्यवसाय के माध्यम से समाज सेवा में लगे हुए है। समाज द्वारा समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास हेतु अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

इसी तारतम्य में छ.ग. शासन द्वारा 17 डिसमिल जमीन (7500 वर्ग फीट) भूमि सामाजिक भवन हेतु डोंगरगांव मेन रोड, प्रजापति ब्रम्ह कुमारी विश्वविद्यालय के समीप आबंटित किया गया है। उक्त भूमि में भव्य और सर्व सुविधायुक्त छत्रपति शिवाजी सभागार का निर्माण प्रस्तावित है। इस कड़ी में शिवाजी के वंशज छत्रपति की उदारता और दानशीलता को चरितार्थ करते हुए समाज सेवक प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य गुरूदेव विरेन्द्र देशमुख जी द्वारा 2,51,000/- की सहयोग राशि नगर ईकाई राजनांदगांव को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद देशमुख, सचिव हेमंत अमृत युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख और सहसचिव हुबलाल सुकतेल उपस्थित थे।

साथ ही नगर इकाई के संरक्षक आई.के. देशमुख, श्री एम.आर.हरदेल छत्तर सिंह देशमुख, महेन्द्र देशमुख, किशोर देशमुख, युवा पदाधिकारीयों ने गुरूदेव विरेन्द्र देशमुख सहित सभी दानदताओं के प्रति कोटिशः आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए एक स्वर में कहा है, कि दानवीरों के एक-एक ईट और एक-एक रूपये का समाज हित में सदुपयोग कर सामाजिक उत्थान की दिशा में नये अध्याय जुड़ेगा और समाज को एक नई दिशा मिलेगी।

## वृक्षारोपण करने हेतु वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक

राजनांदगांव (दावा)।वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक वृक्षारोपण करने हेतु ग्रुप सदस्यों के साथ तीन जून 2024 को अग्रसेन भवन राजनांदगांव में बैठक की गई ।जिसमें सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण हेतु अपनी सहमति दी।

सदस्यों के सुझाव अनुसार उल्लेखित निर्णय लिया गया। जिसमें घरों में गमला रखे और उसमें लताओं वाली पौधरोपण कर लता को ऊपर चढ़ाते हुए। घर में हरीयाली लायें। घरों में सामने बड़े वृक्ष लगाये जायें। तालाब के किराने वृक्षारोपण किया जायें जैसे की सदस्यों ने सुझाव दिये जैसे रानीसागर संजृन संवाद भवन। राजीव नगर वार्ड नं. 22 में सर्व समाज के भवन स्थल में खाली जगह जो लगभग दो एकड़ दिवाल के किनारे किनारे वृक्ष लगाना। मंगल भवन शिवनाथ कालोनी में खाली जगह पर वृक्ष लगाये। स्कूलों में वृक्षारोपण करना तथा उसकी जवाबदारी शिक्षक एवं विद्यार्थी को देना चूंकि स्कूलों में पर्यावण का एक विषय होता है उस पर कोई पहल नहीं किया जाता। और बालक को अंक दे दिया जाता है।

इस संबंध में ग्रुप के सदस्यों द्वारा कलेक्टर, डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ तथा नगर आयुक्त मिलकर उस पर चर्चा कर नगर के हित के लिए सफ्ल करना। बाघनदी से अंजोरा तक जो बड़े - बड़े वृक्ष लगे थे। उसकी कम्पनी पर तीन गुना वृक्ष लगाने की राशि दी गई है। किंतु कम्पनी द्वारा एक भी वृक्ष नहीं लगाया और राशि प्राप्त कर ली। इस संबंध में निर्णय लिया गया कम्पनी के विरूद्ध जनहित याचिका न्यायालय में हेतु ग्रुप ने निर्णय लिया तथा इस कार्य हेतु अधिवक्ता हेमंत वैष्णव को अधिकृत किया गया।

उक्त बैठक में डॉ.ताराचंद सोनी, शिव वर्मा, अमलेन्दु हाजरा, राकेश ठाकुर, शैलेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, गिरीश ठक्कर, राजेन्द्र यादव, विनोद यादव, छम्मन देवांगन, अधिवक्ता हेमत वैष्णव, प्रताप सिंग चौहान, राजेश सोनी, आनंद वर्गीस, अशोक चौखान्द्रे, मनहरण देवांगन, भीकम यादव, भागवत देवांगन, महेश साहू, नरेन्द्र तायवाड़े उपस्थित थे। उक्त जानकारी ग्रुप संयोजक रमेश प्रसाद पुरोहित ने दी।

## पेंशनर एसो. की मासिक बैठक 9 को

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार दिनांक 09 जून 2024 दिन रविवार को अपरान्ह 12:30 बजे स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में जिला इकाई, नगर ईकाई, ग्रामीण ईकाई एवं समस्त तहसील ईकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सदस्यों की समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जाएगी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
07th June to 13th June 2024
silver SCREEN


Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Bad Boys Ride or Die (Hindi) - 12:30 pm
Munjya - 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन आज से रायपुर में

**लक्ष्य छत्तीसगढ़ ने किया तीन दिवसीय युवा सम्मेलन**

राजनांदगांव (दावा)। शैक्षणिक संस्था लक्ष्य छत्तीसगढ़ के द्वारा 7 से 9 जून 2024 तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य बच्चों को शैक्षिक बौद्धिक और सामाजिक ज्ञान देकर उनका व्यक्तित्व विकास करना है। सम्मेलन में राज्य के 200 युवा प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम 7 जून को सेराखेड़ी रायपुर, 8 जून को सेराखेडी रायपुर और 9 जून को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर रायपुर में आयोजित होगा।

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्तागण कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप जी, संयुक्त आयुक्त अमरपाल सिंह लोधी, पूर्व प्रभारी कुलपति डॉ. सत्येंद्र सेंगर, डॉ. अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश चंदेल होंगे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
4-7-8
113-5 599-3
राजधानी
3-5-9
455-4 137-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग )
दूरभाष नं.- 07744- 224152 ई- मेल districtcommandantrjn@gmail.com
- : नीलामी सूचना :-
क्रमांक/750/भण्डार/2024 राजनांदगांव दिनांक 05.06. 2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विभाग में क्लोविंग एवं इक्विपमेंट की निष्प्रयोज्य एवं अन्य सामग्रीयों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 20-06-2024 दिन गुरूवार को समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना, राजनांदगांव में किया जाना है। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रीयों में नगर सेना के बाढ़ बचाव सामग्री रबर बोट, फायर सामग्री Delivery hose pipe 50 fit, Long boot fire faiter, Half paint blue, Lineyard blue, P.T. vest nack baniyan, Black shokes, Blue shokes एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है, संपूर्ण सामग्री एक साथ नीलाम किया जावेगा। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगे।
नियम एवं शर्ते :-
1. प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व रूपये 1000/- (रू. एक हजार) मात्र नगद प्रतिभूति राशि कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी, उन्हें जमा की गई प्रतिभूति राशि वापस कर दी जावेगी।
2. खरीददार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किए जाने पर नीलामी की सम्पूर्ण राशि जमा कर उसी दिन सम्पूर्ण सामग्री को उठाना होगा।
3. बोली लॉट में सामग्री जहां है, जितनी है, के आधार पर की जावेगी।
4. नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी को होगा।
जी - 242500104/1
जिला सेनानी
नगर सेना, राजनांदगांव

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
E-mail- eeraj-phe-cg@nic.in
// निविदा निरस्तीकरण सूचना //
हस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्रं. 382/152750 दिनांक 09.02.2024 (जी क्रमांक 07714) की निविदा शून्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।
जी - 242500111/2
कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़
ईश्तहार
क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 22/05/2024
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार सिंह, पिता शिवदयाल सिंह, निवासी ममता नगर, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 00042, खसरा नंबर 694/1, रकबा 0.0490 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव
जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़
ईश्तहार
क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 22/05/2024
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश सिंह पिता प्रदीप कुमार सिंह, निवासी ममता नगर, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 00042, खसरा नंबर 694/6, रकबा 0.0240 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में 11 प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव का निर्वाचन कार्यक्रम निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव से कुल 15 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे थे। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव की चुनाव परिणाम की अंतिम घोषणा की और भाजपा के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को विजयी होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया।

जारी निर्वाचन परिणाम अनुसार विधिमान्य मतों की कुल संख्या 14 लाख 36 हजार 212 है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 2 लाख 28 हजार 26 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 2 लाख 52 हजार 81 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 1 लाख 72 हजार 45 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 1 लाख 66 हजार 791 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 1 लाख 63 हजार 455 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 1 लाख 66 हजार 616 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 1 लाख 56 हजार 245 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1 लाख 29 हजार 728 मत तथा 1 हजार 225 डाक मतपत्र शामिल है।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत 14 लाख 45 हजार 780 मतदान हुआ। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 2 लाख 29 हजार 397 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 2 लाख 53 हजार 807 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 1 लाख 72 हजार 943 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 1 लाख 67 हजार 696 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 1 लाख 64 हजार 482 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 1 लाख 67 हजार 503 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 1 लाख 57 हजार 33 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1 लाख 31 हजार 278 मत तथा 1 हजार 641 डाक मतपत्र शामिल है।

बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) को 9 हजार 668 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1584 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1580 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 1220 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 998 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 987 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 982 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 748 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1560 मत तथा 9 डाक मतपत्र शामिल हैं।

इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल को 6 लाख 67 हजार 646 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 110314 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 115398 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 79757 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 75003 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 50991 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 72081 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 82394 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 81140 मत तथा 568 डाक मतपत्र शामिल हैं।

भाजपा के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को 7 लाख 12 हजार 57 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 106908 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 125803 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 85716 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 85961 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 108657 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 89119 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 67475 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 41800 मत तथा 618 डाक मतपत्र शामिल है।

शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद को 8 हजार 30 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1550 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1826 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 978 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 853 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 499 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 732 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 822 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 769 मत तथा 1 डाक मतपत्र शामिल है।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत को 1 हजार 737 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 337 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 321 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 270 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 173 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 76 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 176 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 177 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 205 मत तथा 2 डाक मतपत्र शामिल है।

न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल को 1 हजार 537 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 238 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 285 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 175 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 192 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 105 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 152 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 184 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 204 मत तथा 2 डाक मतपत्र शामिल है।

हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर को 2 हजार 149 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 156 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 155 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 160 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 218 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 104 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 427 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 748 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 171 मत तथा 10 डाक मतपत्र शामिल है।

राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन को 1 हजार 56 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 230 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 246 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 96 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 111 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 53 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 74 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 102 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 144 मत शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली को 1 हजार 114 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 207 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 298 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 104 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 129 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 45 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 70 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 116 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 145 मत शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी त्रिवेणी पडोती को 1 हजार 613 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 316 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 300 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 165 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 169 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 83 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 116 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 187 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 271 मत तथा 6 डाक मतपत्र शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी इंजि. बसंत कुमार मेश्राम को 1 हजार 820 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 418 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 345 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 183 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 193 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 120 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 138 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 177 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 244 मत तथा 2 डाक मतपत्र शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू को 4 हजार 174 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1042 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1009 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 451 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 402 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 168 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 302 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 327 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 470 मत तथा 3 डाक मतपत्र शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी विशेष धमगाये को 4 हजार 873 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1158 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1120 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 549 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 459 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 233 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 310 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 487 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 556 मत तथा 1 डाक मतपत्र शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी एएच सिद्दीकी को 10 हजार 737 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1978 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1958 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 1304 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 1139 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 916 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 1113 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 1283 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1046 मत शामिल है।

निर्दलीय अभ्यर्थी सुखदेव सिन्हा को 8 हजार 1 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1590 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1437 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 917 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 791 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 418 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 824 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 1018 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1003 मत तथा 3 डाक मतपत्र शामिल है। नोटा में 9 हजार 167 मत मिले। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया से 1371 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा से 1726 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ से 898 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ से 905 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव से 1027 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव से 887 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी से 788 मत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर से 1550 मत तथा 15 डाक मतपत्र शामिल है।

## सीसीटीवी की वायर कटी तो केबल ऑपरेटरों की खैर नहीं

० क्राइम के बाद नहीं मिल पाती सीसीटीवी फुटेज
० दुर्ग एसपी ने ऑपरेटरों को लगाई फटकार



दुर्ग (दावा)। शहर में बढ़ते अपराध और अधिकतर वारदात की जगहों पर खराब सीसीटीवी कैमरों की समस्या पर दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कड़ा संज्ञान लिया है। एसपी ने इसे लेकर दुर्ग-भिलाई के सभी केबल ऑपरेटरों की बैठक बुलाई और उन्हें जमकर फटकार लगाई।

एसपी ने कहा कि यदि दोबारा केबल की वायर कटने की शिकायत मिली तो वो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। दुर्ग एसपी के पास कई थाना प्रभारियों और क्राइम टीम की तरफ से ये रिपोर्ट दी गई थी कि उनके द्वारा अपराध निकाल में सबसे अहम भूमिका सीसीटीवी फुटेज की होती है। शहर में जितने भी चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, केबल ऑपरेटर उनकी केबल को काट देते हैं। ऐसे में कई बार उन्हें अपराध के बाद सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाती है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए दुर्ग एसपी ने सभी केबल ऑपरेटरों को हिदायत दी है कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़, यातायात व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए दुर्ग-भिलाई शहर के विभिन्न स्थलों, चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

भविष्य में केबल कटिंग होने की शिकायत मिली तो संबंधित ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि दुर्ग भिलाई में 200 से अधिक केबल ऑपरेटर हैं। इनके द्वारा भी उन्हीं बिजली के पोल में अपनी केबल बिछाई गई है। केबल में खराबी आने पर उनके द्वारा केबल की समस्या को तो ठीक किया जाता है, लेकिन सीसीटीवी कैमरों के वायर को काट दिया जाता है। इससे कुछ महीने से पुलिसिंग के कार्यों में समस्या आ रही है। एसपी के निर्देश के बाद केबल ऑपरेटरों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने एसपी से कहा कि उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरों के केबल नहीं काटे जा रहे हैं। इस पर एसपी ने उन्हें जमकर फटकार लगाई।

एसपी ने कहा कि पुलिस के पास हर कैमरे का बैकअप है। कैमरा बंद होने से पहले जिस भी केबल ऑपरेटर का फुटेज उसमें रिकॉर्ड होगा उसके खिलाफ पुलिस कड़ा ऐक्शन लेगी। बैठक में सुखनंदन राठौर एएसपी, दुर्ग, सत्य प्रकाश तिवारी सीएसपी भिलाई नगर, सतीश ठाकुर डीएसपी ट्रैफिक, राजकुमार लहरे थाना प्रभारी भिलाई नगर और प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई तापेश नेताम के साथ-साथ दुर्ग-भिलाई के 50 से अधिक केबल ऑपरेटर मौजूद थे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 जून को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 11 जून 2024 को अपरान्ह 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## फेडरेशन ने चार सूत्रीय मांग को लेकर डीईओ को ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगांव द्वारा चार सूत्रीय मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू के नेतृत्व में आदित्य खरे सहायक संचालक को सौंपे ज्ञापन में सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक पद पर अतिशीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने,संभाग स्तरीय प्रशिक्षित स्नातकोत्तर/ प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ईसंवर्ग 01-04-2024 की वरिष्ठता सूची में नाम शामिल करने, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक संधारण करने बाबत् एवं भीषण गर्मी को देखते हुए स्नस्ह आफलाइन प्रशिक्षण को स्थगित करने संबंधी मांग सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक, ललित प्रताप सिंह जिला संयोजक, प्यारेलाल लाल साहू, बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, विष्णु प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार ध्रुव, सोनेश्री पाटिल, लक्ष्मण भगत, मनमोहन डडसेना, जितेन्द्र कुमार हिरवानी, राकेश कुमार खोबरागडे उपस्थित थे।

**भीषण गर्मी को देखते हुए आफ लाइन एफएलएन प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग**

### सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार के लिए सूचना

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता के तहत परिसमापन के अधीन प्रक्रियाधीन है। पवन कुमार गोयल को सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड का परिसमापक नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा कंपनी के संपत्तियों का आधिपत्य प्राप्त कर नियमानुसार उसका निस्तारण करते हुए निवेशकों को राशि लौटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार प्रारूप घ में अपने दावों का प्रमाण-पत्र पीके गोयल एवं एसोसिएट्स 304 डीआर चेम्बर्स 12-56 डीबी गुप्ता रोड करोलबाग नई दिल्ली-5 पर प्रेषित कर सकते है। इनका ऑफिस फोन नंबर 45660808 एवं मोबाईन नंबर 9313502143 है। आवेदन पत्र का प्रारूप लोक सेवा केन्द्रों से प्राप्त किया जा सकता है।

## मोदी के विजन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीते पांडे - लक्ष्मी नारायण

डोंगरगढ़(दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार संतोष पाण्डे को डोंगरगढ़ विधानसभा से विजय दिलाने हेतु डोंगरगढ विधानसभा के प्रभारी सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, घुमका मण्डल, पांड़ादाह मण्डल, डोंगरगढ़ ग्रामीण मण्डल एवं डोंगरगढ शहर भाजपा मंडल के अथक प्रयासों एवं पांड़ादाह मण्डल को देख रहे डोंगरगढ के पूर्व विधायक रामजी भारती महामंत्री प्रदेश भाजपा, घुमका मण्डल को देख रहे डोंगरगढ के पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, डोंगरगढ़ ग्रामीण में अथक मेहनत करने वाले जिला भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं डोंगरगढ़ विधानसभा के सहप्रभारी सुनील कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन में हम राजनांदगांव लोकसभा में डोंगरगढ विधानसभा से एवं शहर भाजपा से अपेक्षाकृत बहुमत दिलाने में अपनी सहभागिता निभाने के लिये डोंगरगढ़ विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं मीडिया के समस्त सहयोगी बंधुओं को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया गया। भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सांसद संतोष पांडे की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन व भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

## नैतिकता के नाते कुलबीर छाबड़ा अध्यक्ष पद से तत्काल इस्तीफा दे - ओस्तवाल



राजनांदगांव (दावा)। शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी बयान के माध्यम से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा से कहा कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में जिस तरह से राजनांदगांव शहर में कांग्रेस का ग्राफ नीचे होते जा रहा है और विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में जिस तरह से 45000 से विधानसभा की हार लोकसभा चुनाव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से लगभग 57000 वोट से जो गढ्ढा इनके नेतृत्व में हुआ है, वह कांग्रेस पार्टी के हित में नहीं है, इसलिये छाबड़ा से राजनैतिक सूचिता को ध्यान में रखते हुए तो कांग्रेस पार्टी के हित में अपने शहर कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की मांग की है। क्योंकि सामने 2024 में नगरीय निकाय के चुनाव हेतु दमदार जमदार ईमानदार और क्रांतिकारी निर्णय कांग्रेस पार्टी के हित में लेने वाले अध्यक्ष की जरूरत कांग्रेस पार्टी को है, इसलिये छाबड़ा को अध्यक्ष पद का मोह त्याग कर अपने वार्ड की तैयारी करें तो ज्यादा अच्छा होगा नहीं तो कही उससे भी हाथ न धोना पड़ जाये?

## नाबालिग से गैंगरेप, शादी समारोह में शामिल होने आई थी दो नाबालिग, 6 आरोपियों ने किया गैंगरेप

जशपुर (दावा)। जशपुर जिले में 6 आरोपियों ने मिलकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। दो नाबालिग लड़कियां शादी समारोह में शामिल होने गई थी। तभी इन आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। जिसके बाद किसी तरह से एक नाबालिग ने किसी तरह से उनके चंगुल से भागकर अपनी अस्मत बचाई है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने 4 नाबालिग और 2 बालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सन्ना थाना के अंतर्गत शादी समारोह में शामिल होने के लिए दो नाबालिग गई थी।

इसी दौरान आरोपी दोनों को बहला फुसलाकर जंगल लेकर गए। जहां सभी आरोपियों ने उनके साथ उनके साथ छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। तभी एक नाबालिग ने किसी तरह से भागकर अपनी इज्जत बचाई और अपने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

## मेजर ध्यानचंद जी के स्मारक स्थल में तोड़फोड़ के विरोध में जिला हॉकी संघ ने कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा



राजनांदगांव (दावा)। हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में स्थानीय गौरव पथ स्थित हॉकी के जादूगर स्व.मेजर ध्यानचंद जी की स्मारक स्थल में लगे रेलिंग को विगत दिवस असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया था जिस कारण से मूर्ति स्थल में लगा हुआ रेलिंग पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया है। साथ ही स्व. मेजर ध्यानचंद, ऐरमन बेस्टियन ओलयम्पियन) तथा प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी आर.एन.पटेल की प्रतिमा के साथ-साथ पीछे का बैकग्राउंड भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके एवज में जिला हॉकी संघ के पदाधिकारीयो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन को संयुक्त कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय को सौंपा और चर्चा की, इस पर जिलाधीश महोदय द्वारा गौरव पथ स्थित स्व. मेजर ध्यानचंद जी की स्मारक स्थल को जल्द से जल्द मरम्मत कार्य करने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया।

जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा से भी इस कृत्य के लिये अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग करते हुए चर्चा की। श्री शर्मा ने अज्ञात आसामाजिक तत्वों के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए बसंतपुर थाना प्रभारी को आदेशित करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करने के लिए कहा। ज्ञापन देने हेतु जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के साथ, सचिव शिवनारायण धकेता, उपाध्यक्ष भूषण साव, पूर्व अध्यक्ष नीलम चंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, शकील अहमद, आशीष सिन्हा, अमित वर्मा, कृष्ण यादव आदि उपस्थित थे।

## बलौदा बाजार में फंदे पर लटकती मिली प्रेमी-प्रेमिका की लाश, प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका




बलौदा बाजार(दावा)। एक मकान में प्रेमी-प्रेमिका की लाश मिली है। दोनों अलग-अलग समाज के थे। लड़की के माता-पिता के मजदूरी करने जाने के बाद युवक उससे मिलने पहुंचा था। इसी बीच दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किराए के एक मकान में प्रेमी-प्रेमिका की लाश मिली है। दोनों अलग-अलग समाज के थे। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कंची निवासी राजेंद्र साहू और पत्नी भुवनेश्वरी साहू बलौदाबाजार के ज्ञानदीप स्कूल नए बस स्टैंड के पीछे किराए के मकान में रहते हैं और रोजी मजदूरी का काम करते हैं। साथ में उनकी 17 वर्षीय बेटी भी रहती थी, जो इसी वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा पास की थी।

बताया जा रहा है कि भुवनेश्वरी साहू और राजेंद्र साहू रोजाना की तरह बुधवार को भी मजूदरी करने के लिए बाहर गए थे। बेटी घर पर अकेली थी। लड़की की मां भुवनेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि सुबह नौ बजे वो पति के साथ दुर्गा मंदिर में चौकीदारी का काम करने निकल गए। बेटी घर पर अकेली थी, जब हम दोपहर में खाना खाने घर आए तो दरवाजा नहीं खोला गया, फिर हम लोगों ने छत से सीड़ी लगाकर नीचे देखा तो लाश रूम के अंदर फंदे पर लटकते देखा। उन्होंने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। पहली नजर में मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है कि नाबालिग लड़की का प्रेम-प्रसंग ग्राम कुकुरदी निवासी हमेश निषाद (21) पिता सुधुराम के साथ चल रहा था। लड़की के माता-पिता के मजदूरी करने जाने के बाद युवक उससे मिलने पहुंचा था। इसी बीच दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की का शव गले में चुनरी लगा कुर्सी पर बैठे हुए अवस्था में मिला है। जबकि युवक की लाश उसके सामने लटकती मिली है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की असल वजह साफ होगी।

## अनमोल दावा

> **सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो बल्कि सही कर्म वह है जिसका उद्देश्य कभी भी गलत ना हो।**

# लोकतंत्र की जय, सत्ता पक्ष के विरोध में है या विपक्ष के समर्थन में जनादेश

बेशक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, मगर जनादेश उसके खिलाफ ही कहा जा सकता है। वह अपने बल पर पूर्ण बहुमत की संख्या नहीं जुटा सकी। जबकि इस चुनाव में भाजपा ही सबसे साधन संपन्न पार्टी थी। उसने चुनाव पर जितना खर्च किया, उतना सारे दलों ने मिल कर भी शायद न किया हो।

इस आम चुनाव के दौरान पक्ष और विपक्ष के गठबंधनों में जैसी गहमागहमी, जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप देखे गए, विपक्षी पार्टियों ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप लगाए और मशीनों में मतों की गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की गई, नतीजों ने उन सबको धुल-पोंछ दिया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि जनता ने अपने विवेक से प्रतिनिधियों का चुनाव किया है। उन्होंने जाति, धर्म, संप्रदाय, मुफ्त की योजनाओं आदि के बहकावे में न आकर एक ऐसी सरकार के पक्ष में मतदान किया, जो उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने, देश की असल समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करे।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्तापक्ष के विरोध में कोई स्पष्ट लहर नहीं थी, मगर यह संकेत लगातार मिल रहा था कि जनता बदलाव चाहती है। विपक्षी दलों के गठबंधन ने जरूर महंगाई और बेरोजगारी जैसे कुछ बुनियादी मुद्दे उठाए थे, मगर सत्तापक्ष ने उन्हें किनारे करने की हर संभव कोशिश की। वह लगातार भावनात्मक मसले उठाता रहा। पर लोगों ने चुप रह कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इसका सबसे बड़ा प्रमाण उत्तर प्रदेश के नतीजे हैं। वहां अयोध्या में राममंदिर निर्माण को सत्तापक्ष अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करता रहा, मगर वहां के लोगों ने उसे नकार दिया। यहां तक कि अयोध्या के भाजपा प्रत्याशी को भी अपना समर्थन नहीं दिया।

चुनावों में हर राजनीतिक दल अपना गणित बिठाने की कोशिश करता है, जाति और धर्म का समीकरण इसमें बहुत मायने रखता है, पर इस बार वह समीकरण भी बहुत कारगर साबित नहीं हुआ। बेशक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, मगर जनादेश उसके खिलाफ ही कहा जा सकता है। वह अपने बल पर पूर्ण बहुमत की संख्या नहीं जुटा सकी। जबकि इस चुनाव में भाजपा ही सबसे साधन संपन्न पार्टी थी। उसने चुनाव पर जितना खर्च किया, उतना सारे दलों ने मिल कर भी शायद न किया हो।

प्रचार-प्रसार में दूसरे दल उसके सामने फीके पड़ गए थे। संचार माध्यमों पर हर जगह उसकी मौजूदगी नजर आती थी। फिर भी अपने दम पर तीन सौ सत्तर और गठबंधन के स्तर पर चार सौ से पार सीटें जीतने का जो लक्ष्य लेकर वह चली थी, उसके आसपास पहुंचना भी उसके लिए मुश्किल हो गया। इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय दल मजबूत होकर उभरे हैं। इससे भी साबित होता है कि लोगों के लिए निजी समस्याएं और स्थानीय मसले ज्यादा अहम थे।

चुनाव के बाद हर राजनीतिक दल अपनी सफलता या विफलता की समीक्षा करता और उससे आगे के चुनावों के लिए सबक लेता है। वह सब होगा, पर महत्त्वपूर्ण यह है कि जनादेश को समझा जाए। यह केवल सीटों के बंटवारे में जाति-धर्म का समीकरण बिठाने और गठबंधन में पार्टियों के मतों के परस्पर जुड़ जाने का नतीजा भर नहीं है। इसमें सत्तापक्ष के प्रति लोगों की निराशा और उदासीनता भी ध्वनित होती है। मुफ्त के राशन और कुछ अन्य सुविधाएं लोगों में जीवन की बेहतरी का भरोसा नहीं जगा पाईं। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सत्तापक्ष जिन सुविधाओं और आर्थिक तरक्की को अपनी उपलब्धियां बताता रहा, उन पर लोगों का विश्वास नहीं बन पाया। इसलिए अब जो भी सत्ता की बागडोर संभालेगा, उससे यही अपेक्षा रहेगी कि वह इस जनादेश के निहितार्थों को समझते हुए ही नीतियों और योजनाओं का निर्धारण करे।

# नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से अब भी कांग्रेस को उम्मीद क्यों है?

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की कोई अहमियत नहीं थी. यह गठबंधन एक प्रतीक से ज़्यादा नहीं था.2014 से 2020 के बीच एनडीए के कई अहम साथी अलग भी हुए. इनमें 2020 में शिरोमणि अकाली दल और 2019 में अविभाजित शिव सेना एनडीए से अलग हो गए थे.लेकिन मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए अचानक से प्रासंगिक हो गया है. यह प्रासंगिकता बीजेपी की ज़रूरत के कारण बढ़ी है.यानी एनडीए अब बीजेपी की ज़रूरत है न कि इसमें शामिल बाक़ी दलों की. लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बिल्कुल उलट स्थिति थी.

जनता दल यूनाइटेड प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा तेलगू देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू के बिना मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं लेकिन अतीत में ये भी कई बार एनडीए छोड़ चुके हैं. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि नायडू और नीतीश क्या कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन इंडिया की तरफ़ भी रुख़ कर सकते हैं? सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए लेकिन बीजेपी को 240 सीटें ही मिली हैं. बीजेपी के लिए नायडू और नीतीश अहम हैं. टीडीपी को 16 और जदयू को 12 सीटें मिली हैं और दोनों मिलकर नई सरकार में 28 सीटों का योगदान करेंगे.नीतीश कुमार और नायडू की पार्टी ने खुलकर कहा है कि वो एनडीए के साथ हैं.

लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि दोनों एनडीए में बेहतर डील और अपनी शर्तों पर रहेंगे. अगर ऐसा नहीं होता है तो नीतीश और नायडू के लिए इंडिया गठबंधन भी कोई अछूत नहीं है.कांग्रेस ने भी नीतीश और नायडू के लिए अपना दरवाज़ा खुला रखा है.कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का कहना है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ख़िलाफ़ जनादेश है.उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷मोदी अब कार्यवाहक प्रधानमंत्री बन चुके हैं. देश ने इनके ख़िलाफ़ प्रचंड जनादेश दिया है, लेकिन ये डेमोक्रेसी को डेमो-कुर्सी बनाना चाहते हैं. चुनाव के नतीजे आने के बाद बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक अहम बैठक हुई.

बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दो घंटे लंबी चली बैठक में कई सुझाव आए हैं. उन्होंने एक तरह से ये इशारा भी किया कि सही समय आया तो इंडिया गठबंधन सरकार पलटने से नहीं हिचकेगी.उन्होंने कहा, हम बीजेपी सरकार के विपरीत जनादेश को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित क़दम उठाएंगे.÷



इस बैठक में गठबंधन की 21 पार्टियों के 33 नेता शामिल हुए थे. इन नेताओं का कहना था कि टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार के लिए दरवाज़े खुले रखे जाएं और गठबंधन सही वक़्त और सही मौक़े का इंतज़ार करे.अंग्रेज़ी अख़बार द हिंदू ने लिखा है कि इंडिया गठबंधन के नेताओं में इस बात को लेकर भी सहमति बनी कि बीजेपी सरकार के ख़िलाफ़ संसद में विश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर गठबंधन के नेता सतर्क रहेंगे क्योंकि ये उनके लिए नए रास्ते खोल सकता है.सूत्रों के हवाले से अख़बार ने ये भी लिखा है कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन ब्रैंड मोदी को ख़त्म करने में सफल रहा है.वहीं इन सबमें तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी एकमात्र नेता थे, जिनका दावा था कि चुनाव जीत चुके बीजेपी के कई नेता पार्टी के साथ संपर्क में हैं.

वहीं बुधवार को दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास पर एनडीए की भी एक अहम बैठक हुई. चुनाव के नतीजे आने के बाद ये एनडीए की पहली बैठक थी.इस बैठक में 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए. इसमें बीजेपी की तरफ़ से नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह शामिल हुए.वहीं इसमें टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू के नीतीश कुमार, शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट के एकनाथ शिंदे, जनता दल सेक्युलर के एचडी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिराग पासवान, एचएएम के जीतन राम मांझी, आरएलडी के जयंत चौधरी, एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल और असम गण परिषद के प्रमोद बोरो शामिल हुए.

जयराम रमेश ने जाति सर्वे और बिहार को विशेष दर्जा जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच रहे मतभेद को लेकर टिप्पणी की.उन्होंने एनडीटीवी का एक ट्वीट रीपोस्ट करते हुए लिखा, ÷क्या नरेंद्र मोदी इस बयान पर कायम रहेंगे कि जाति जनगणना देश को जाति के नाम पर बाँटने की राजनीति है?÷मीडिया में ख़बरें हैं कि चुनाव के नतीजे आने के बाद किंगमेकर की स्थिति में पहुंच चुके नीतीश ने देश में जाति जनगणना कराने और बिहार को विशेष दर्जा दिलाने की मांग की है.एक टेलीविज़न चैनल से बात करते हुए जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा है कि ÷हम चाहते हैं कि अगली सरकार बिहार को विशेष दर्जा दे और देश में जाति जनगणना करवाए.÷

जयराम रमेश इतने पर नहीं रुके. उन्होंने फ़रवरी 2019 का मोदी का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें मोदी चंद्रबाबू नायडू पर अपने राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए सरकारी पैसों का दुरुपयोग करने का आरोप लगा रहे थे.वीडियो में मोदी ने कहा था, ÷मेरी सरकार उनसे हिसाब मांगती है, पहले उन्हें दिल्ली के गलियारों में कभी भी हिसाब नहीं देना पड़ेगा. अब मोदी उनसे कहता है, आंध्र प्रदेश के विकास के लिए जो राशि आपको दी गई, टैक्सपेयर का जो पैसा आपको दिया गया, उसकी पाई-पाई का हिसाब दीजिए.÷

उन्होंने तंज़ कसते हुए कहा, ÷लोगों से रिजेक्ट होने के बाद गद्दी पर बने रहने के लिए बीजेपी नायडू से भीख मांग रही है.वहीं कांग्रेस नेता कार्ति चिदबंरम ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा, ÷नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू हमारे लिए अनजान नहीं हैं, वो हमारे दोस्त हैं. चंद्रबाबू नायडू मेरे दोस्त हैं. मैं उन्हें 1996 से जानता हूँ और ज़ाहिर है, हम अपने दोस्तों से संपर्क में हैं.÷2019 के लोकसभा चुनाव नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर लड़े थे. फिर 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश और बीजेपी साथ थे.2022 में बीजेपी से अलग होकर उन्होंने आरजेडी (कांग्रेस के साथ गठबंधन में थी) के साथ हाथ मिलाया. साल भर बाद इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ वो एक बार फिर बीजेपी के साथ आ गए.

बीते साल जून में इंडिया गठबंधन की पहली बैठक पटना में हुई थी. इसके लिए पहल नीतीश कुमार ने ही की थी और ये बैठक पटना स्थित उनके आवास पर ही हुई थी.उस वक्त वो इस गठबंधन का हिस्सा थे और उन्होंने कहा था, ÷सभी नेता केंद्र में मौजूदा शासन के ख़िलाफ़ एकजुट होकर लड़ने के लिए सहमत हुए हैं.लेकिन छह महीने बाद नीतीश कुमार ने महागठबंधन का हाथ छोड़ा और बीजेपी के साथ मिलकर राज्य में सरकार बना ली.

# क्या है कैलाश पर्वत का रहस्य?

कहा जाता है कि कैलाश पर्वत को आज तक कोई फतह नहीं कर पाया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसे कई रहस्य हैं जो कैलाश पर्वत को अलग और अनोखा बनाते हैं.

हिंदू धर्म में भगवान शिव को कैलाश पर्वत का स्वामी बताया गया है. मान्यता है कि भगवान शिव अपने पूरे परिवार और दूसरे देवी देवताओं के साथ इस पर्वत पर निवास करते हैं. पौराणिक कथाओं में भी इसका जिक्र मिलता है. जिसमें बताया गया है कि भगवान शिव से इस पर्वत को कई असुरों ने छीनने की कोशिश की है. हालाकि भगवान शिव के सामने उनकी मंशा कभी पूरी नहीं हो सकी. कहा जाता है कि आज तक कोई पर्वतारोही भी इस पर्वत पर चढ़ाई नहीं कर पाया है, लेकिन हर किसी के मन में ये सवाल जन्म लेता है कि आखिर ऐसा क्यों है? तो चलिए जान लेते हैं.

हिंदू धार्मिक पुराणों में कैलाश पर्वत का बहुत महत्व बताया गया है. इस स्थान को भगवान शिव का निवास माना जाता है. हालांकि सोचने वाली बात ये है कि जब



दुनिया की सबसे ऊंची चोटी जिसकी ऊंचाई 8848 मीटर है, उसे सात हजार से ज्यादा लोग फतह कर चुके हैं तो फि कैलाश पर्वत पर क्यों आज तक कोई चढ़ नहीं पाया? जबकि ऊंचाई के मामले में ये माउंट एवरेस्ट से 2000 मीटर कम यानी 6638 मीटर ही है.

बता दें बातें ऐसी भी सुनने में आती है कि कई पर्वतारोहियों ने इस पर्वत पर चढ़ने की कोशिश की, लेकिन हर किसी को यही कहना होता था कि यहां रहना मानो असंभव है. दरअसल कहा जाता है कि इस पर्वत पर बाल और नाखुन तेजी से बढ़ने लगते हैं. इसके अलावा कहा जाता है कि कैलाश पर्वत पर बहुत ही ज्यादा रेडियोएक्टिव भी है.

### व्यक्ति हो जाता है दिशाहीन

कुछ लोग ये मानते हैं कि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव अपने परिवार के साथ रहते हैं और इसीलिए किसी जीवित इंसान का उस ऊंचाई तक पहुंचना संभव नहीं है. कहा जाता है कि व्यक्ति मरने के बाद या जिसने कभी भी कोई पाप न किया हो, केवल वही कैलाश फतह कर सकता है. ऐसा भी माना जाता है कि कैलाश पर्वत पर थोड़ा सा ऊपर चढ़ते ही व्यक्ति दिशाहीन हो जाता है. ऐसे में बिना दिशा के चढ़ाई करना मतलब मौत को दावत देने जैसा है, इसलिए कोई भी इंसान आज तक कैलाश पर्वत पर नहीं चढ़ पाया है. जो भी व्यक्ति इस पहाड़ को चढ़ने के लिए निकला है वो या तो मारा गया है या फिर बिना चढ़े ही वापस लौट आया है.

### तेजी से बढ़ने लगते हैं शरीर के नाखून और बाल

चीन सरकार के कहने पर कुछ पर्वतारोहियों का दल कैलाश पर चढ़ने की कोशिशें कर चुका है, लेकिन उन्हें सफलता तो मिली नहीं, बल्कि दुनियाभर के विरोध का सामना अलग करना पड़ा. ऐसे में हारकर चीनी सरकार को इस पर चढ़ाई करने से रोक लगानी पड़ी.


लोगों का मानना है कि जो भी इस पहाड़ पर चढ़ने की कोशिश करता है, वो आगे नहीं चढ़ पाता, उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है. जिनने इस पर्वत को चढ़ने की नाकाम कोशिश की उन पर्वतारोहियों का मानना है कि यहां की हवा में कुछ अलग बात है. वहां शरीर के बाल और नाखून 2 दिन में ही इतने बढ़ जाते हैं, जितने 2 हफ्ते में बढ़ने चाहिए. शरीर मुरझाने लगता है और चेहरे पर बुढ़ापा नजर आने लगता है.

## शब्द सामर्थ्य -080

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 079 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्रु |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र.080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.079 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## कविता

पत्थरों और भ्रम वाले मायाजालों की
शरण से मुकमल निकल
हम प्रकृति की शरण में जा सकते हैं,
अवास्तविक को गंवा कर
वास्तविक को पा सकते हैं,
इसके लिए हमें जाना होगा
नतमस्तक हो पर्यावरण की शरण में,
हम लोग भुलाये बैठे हैं
स्वर्ग नरक और जीवन मरण में,
हमारे सांसों की आपूर्ति
किसके भरोसे है,
चमत्कारियों के एजेंट
अब तक हमें सिर्फ नोचे हैं,
हम किस कदर अंधविश्वास में डूबे हैं,
पाखंडों से अभी तक नहीं ऊबे हैं,
पेड़ हमारी जीवन रेखा है,
पग-पग पर उसी को देखा है,
प्रकृति हमारी संस्कृति जीवन और सार है,
हर जीव के प्राणों का आधार है,
कौन है और या है
जो हमें कुछ वापस देता है,
सब कुछ सहकर भी हमें
हमारा अमूल्य जीवन देता है,
तो कृतज्ञता हमें किसी चमत्कारी पर नहीं
पर्यावरण पर को देना है,
वर्ना या किसी से छीने हैं और
या किसी को देना है।

राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छ.ग

## संस्मरण

# ग्रीष्मावकाश में पथिकों को गुड़पानी पिलाने का मजा

**विजय मिश्रा 'अमित'**



छुट्टियां हर किसी को मोहित करती है, किंतु बचपन में मिली गरमी की छुट्टियों को आजीवन बुलाया नहीं जा सकता। दरअसल स्कूल और पढ़ाई से दूर मामागांव की अमराई से आम खाने, नानी के हाथों की मलाई चाटने और तालाब में भैस की पूंछ पकड़ कर तैरने जैसे अनेक आनंद का अवसर छुट्टियां देती थीं। शहरी धूल, धुआं, कोलाहल से दूर गांव के मैदान में कबड्डी, गिल्ली डंडा खेलना, रात्रि के समय चांदनी रात में धूप छांव, नदी पहाड़ खेलना, लोक मंचों पर रामलीला, नाचा, तमाशा का मंचन देखना बेहद मजेदार होता था। मंच के सामने बैठने हेतु पहले से बारदाना को बिछाकर अपना स्थान सुरक्षित रख लेते थे। ईमानदारी भी क्या गजब की थी, किसी के बिछाए बारदाना को कोई छूता नही था।

गांव में बहती नदी के सूखे हिस्से में बनी बाड़ी से तरबूज, खरबूज, खीरा ककड़ी की चोरी करना तो बड़ा ही रोमांचक होता था। वहां के चौकीदार को बाड़ी के पीछे गाय घूसने की झूठी खबर देते थे और डंडा लेकर जैसे ही वह पीछे की ओर गाय भगाने जाता था, बानर सेना की तरह बाड़ी में हम टूट पड़ते थे। चौकीदार के लौटने के पहले उसे चकमा देकर हम रफूचक्कर हो जाते थे। इस चक्कर में पकड़े जाने, शिकायत होने पर दो चार बार नाना जी के हाथों बबूल की दातुन से मार का स्वाद भी चखना पड़ा था। शरारतें तो खूब होती थीं, पर गांव के संस्कार, लोक संस्कृति, पर्व परम्पराओं, विवाह के रस्म रिवाजों को भी जानने का मौका छुट्टियां देती थीं। नाना जी के साथ गांव के बाहर बरगद पेड़ के नीचे मटकों में गुड़ पानी भरकर बैठना और आते जाते प्यासे पथिकों को पिलाना अत्यंत ही सुखकारी होता था।

आज छुट्टियों के वो मजेदार दिन याद करते हुए मन कहता है-पैसा भले ही कम था, पर बचपन में दम था। हम भी अमीर हुआ करते थे, बारिश में कागज के जहाज हमारे भी चला करते थे। बालपन में गुजारे दिन जीवन की किताब के पन्नों पर अमिट स्याही लिखे हुए हैं। उनका स्मरण करते, लम्बी सांसे छोड़ते मन कहता है ''कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन''।

पूर्व अति.महाप्रबधंक (जन), एम 8 सेक्टर 2, अग्रोहा सोसायटी, पोआ-सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492013,मोबाईल -9893123310

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आप का स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लोग आपकी तारीफ करेंगें।

**वृषभ**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से जुड़ने का विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे।

**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मिठास आयेगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**सिंह**
आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घरवालों को बताएँगे, घरवाले इसपर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आज अच्छी खबर मिलेगी।

**तुला**
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। कोई आपके काम की शिकायत कर सकता है।

**वृश्चिक**
आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

**धनु**
आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। जीवनसाथी के साथ कोई अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# दो साल से नहीं बन पाया पौनी पसरा बाजार



○ समय सीमा की अवधि समाप्त
○ नोटिस थमा ठेकेदार को संरक्षण दे रहे अधिकारी
○ मामला नगर पंचायत छुरिया का

छुरिया (दावा)। हाट बाजार के सौंदर्यीकरण एवं फूटकर पर व्यवसाय कर रहे स्थानीय दुकानदारों के बसाहट के लिए प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार ने पौनी पसरा हाट बाजार योजना के तहत नगर पंचायत में लाखों रूपये की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन दो साल से ठेकेदार की लापरवाही से पौनी पसरा का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जहां ठेकेदार को केवल नोटिस थमाकर संरक्षण देते नजर आ रहे है, नगर पंचायत के अधिकारी। जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ करने में ठेकेदार रूचि नहीं दिखा रहा है।

मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत सीमा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022, मार्च माह में पौनी पसरा बाजार निर्माण कार्य के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य परिवर्तन मद से लगभग 30 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पौनी पसरा निर्माण कार्य का ठेका कमल नारायण सिन्हा राजनांदगांव को मिला हुआ था। निर्माण कार्य प्रारंभ से संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जमकर भर्राशाही की गई है। निर्माण कार्य स्टीमेट के अनुरूप न करते हुए इंजीनियर से मिलीभगत करते हुए खराब ईंट के उपयोग, कॉलम में भी जमकर गड़बड़ी की गई। यहां तक कि टिन शेड भी निम्न स्तर का शेड लगाया गया है जो तेज आंधी एवं बरसात में कभी भी खराब हो सकता है। इस ओर नगर पंचायत के इंजीनियर की भूमिका भी संदेह के दायरे में हैं।

### 17 लाख रूपये का कर दिया भुगतान

पौनी पसरा बाजार के निर्माण में स्टीमेट को दरकिनार करते हुए ठेकेदार एवं इंजीनियर ने सांठगांठ कर लगभग 17 लाख रूपये का भुगतान कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य की सूक्ष्म जांच की जाये तो कई प्रारंभिक गड़बड़ियां उजागर होगी।

### कई बार नोटिस, फिर भी लापरवाही

अधूरे पड़े निर्माण कार्य को प्रारंभ करने नगर पंचायत के गैर जिम्मेदार अधिकारियों ने कई बार ठेकेदार को नोटिस थमाया, लेकिन उनकी नोटिस का असर ठेकेदार पर नहीं पड़ा। नतीजा लगभग दो साल से समय सीमा समाप्त होने के बाद भी उसकी लापरवाही निर्माण कार्य में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी नोटिस देकर अपनी जवाबदेही से बचते नजर आ रहे हैं।

### हाट बाजार पूर्ण नहीं होने से व्यवसायी परेशान

निर्माणाधीन पौनी पसरा बाजार कार्य में लेट लतीफी के चलते खासकर साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज से पहुंच रहे फूटकर व्यवसायियों को अपना कारोबार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो ऐसी नौबत आती है कि जगह नहीं मिलने से दुकानदारों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

# पुलिस ने गुम युवतियों को खोज कर परिजनों से मिलाया




डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस इन दिनों अपने थाना क्षेत्र के गुम हुए इंसानों को खोज कर उसके परिजनों को मिलाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

थाना प्रभारी सी. आर. चंद्रा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु लगातार अभियान चलाकर गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र. 67/2024 के युवती उम्र 19 वर्ष जो 02 जून 2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक 04.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। गुमशुदा लड़की से पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। इसी तरह एक और गुम इंसान क्र. 65/2024 के युवती उम्र- 20 वर्ष जो दिनांक- 27.05.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसकी पता तलाश की जा रही थी जो गुमशुदा युवती अपने प्रेमी के साथ थाना हथबंद जिला बलौदाबाजार में उपस्थित होने पर थाना प्रभारी हथबंद के द्वारा थाना डोंगरगढ़ को सूचना देने पर गुमशुदा के परिजनों को थाना में तलब कर जरिये व्हास्ट्प के माध्यम से बात कराया गया जिस पर युवती अपने परिजन से बात कर अपने मर्जी से अपने प्रेमी के साथ आर्य सामाज रायपुर में शादी कर लेना व सुरक्षार्थ रहना बताई। जिस पर परिजन अपनी गुमशुदा लड़की से बात कराने व सुरक्षार्थ होने पर डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

## पहला कॉलम...

### वट सावित्री की निर्जला व्रत रहकर पुजा की महिलाओं ने



डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा नेत्री अचला सिंह ठाकुर एवम वार्डवासी महिलाओं ने वट सावित्री की निर्जला व्रत रहकर पुजा करने के पश्चात सत्यवान सावित्री की कथा सुने।

सभी महिला बहने एक जगह मां रणचंडी प्रागण में बड़ पीपल की पुजा अर्चना की। इस अवसर पर,अंचला सिंह ठाकुर, प्रतिभा कल्चुरी, निर्मला त्रिपाठी, मनोरमा त्रिपाठी, पूर्णिमा राजपुत, पुर्वी यादव, सुनिता यादव, रत्नी दाई, रजनी मुनेश्वर, गीता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं वट सावित्री व्रत की पूजा में सहभागी बनकर उपस्थित रही।

### संतोष पाडे की जीत से जश्न में डूबी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता



डोंगरगढ़(दावा)।लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडे के दुबारा चुनाव जीतने के बाद डोंगरगढ़ महिला मोर्चा ने फटाके फोड़ मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की और नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी जाहिर की है।

लोकसभा के परिणाम में डोंगरगढ़ विधानसभा में 11000 वोट से जितने पर महिला मोर्चा की डोंगरगढ़ की शहर अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ ने खुशी जाहिर करते हुए डोंगरगढ़ की विधायक को नैतिकता के नाते इस्तीफा की मांग की है। इस अवसर पर भाजपा नेत्री लक्ष्मी यादव, अनिता इंदुरकर, अचला ठाकुर, सुधा श्रीवास्तव, सुलभा सिंग, उमरावती शाह, नमिता चौबे, लक्ष्मी बोरकर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

### विभिन्न प्रवर्गो के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

राजनांदगांव (दावा)। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत विभिन्न प्रवर्गों के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। विभागों से संबंधित प्रवर्गों में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने कहा गया है। जिसके तहत बुनकर, कचरा बिनने वाले, फूटकर सब्जी, फल-फूल विक्रेता, सफाई कामगार, वनोपज में लगे मजदूर, मछुआरा, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पलन, बतख पालन में करने वाले एवं मजदूर खेतीहर मजदूर, मितानीन, रसोईया, सामाचार-पत्र बांटने वाले हॉकर, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मोची, नाई, धोबी सहित अन्य प्रवर्ग में कार्य करने वाले श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन लोक सेवा केन्द्र अथवा श्रमेय ऐप (मोबाईल ऐप) के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है। पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदनों में आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक, लाईव फोटो, आय प्रमाण पत्र, भूमि रकबा प्रमाण पत्र को अपलोड करना अनिवार्य है।

### विकासखंड अंबागढ़ चौकी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

मोहला (दावा)। जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के सभी ग्राम पंचायतों में गत दिवस 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अमृत सरोवर वाले ग्राम पंचायत खुर्सीटिकुल, सिंघाभेड़ी, गोपलिनचुवा, तुमड़ीकसा में विशेष रूप सें वृक्षारोपण कर, जन जागरूकता, जैव विविधता तथा जल के महत्व को समझाने हेतु कार्य का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत कचरा कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के एवं यूजर चार्ज सभी घर, व्यवसायिक परिसर से लिए जाने हेतु जागरूकता के साथ सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शपथ एवं तालाब के आसपास साफ-सफाई किया गया। इस अवसर सभी ग्रामवासी एवं जनपद पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी एवं एबीस पहल टीम उपस्थित थे।

# रूढ़ी जनित व्यवस्था और परंपरा प्रकृति प्रदत्त है- सहारे



प्रथा एवं परंपराएं विषय पर ग्राम तार्री में हुई कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। बालोद जिले के निकटस्थ ग्राम तार्री में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संतोषी ठाकुर के आवाहन पर एक दिवसीय सामाजिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उनके निजी सदन में रूढ़ि व्यवस्था, प्रथा एवं परंपराएं विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य समाज की मूल विचारधाराओं की ओर वापस लौटना रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशाल सहारे थे, जिन्होंने विशेष विशेषज्ञ के रूप में अपनी बात समाज के उपस्थित सगा जनों के मध्य सोदाहरण रखने का प्रयास किया. उन्होंने कहा रूढ़ि जनित व्यवस्था और परंपरा प्रकृति प्रदत्त है, किंतु मनुवादी व्यवस्था समाज के चालाक लोगों द्वारा बनाई गई व्यवस्था है जिसे हमको समझना है। उन्होंने कहा, हर जाति का अपना एक टोटल होता है.। सहारे ने आदिवासी समाज में प्रचलित 10 राव, 7 कैना, पांच पितृ शक्ति और पांच मातृशक्ति इसके अतिरिक्त आदिवासियों के विभिन्न टोटम पर विस्तृत जानकारी दी. समाज चिंतक के के पिस्दा ने आदिवासी विचारधाराओं को बुद्ध और मार्क्स से जुड़ने का प्रयास किया, इस कार्यशाला में गोंड़ और हल्बा समाज के अतिरिक्त साहू समाज के अनेक प्रबुद्ध वर्ग भी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान विभिन्न समाज के जिज्ञासु लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्न का तर्क सम्मत उत्तर भी दिया गया।

कार्यशाला के पूर्व में समाज के कुलदेवी दंतेश्वरी माई एवं बाबा साहब अंबेडकर के तेल चित्र पर अतिथि जनों ने पारंपरिक शैली में दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण व पीला चावल के टीका लगाने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक व सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संतोषी ठाकुर ने आयोजन के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उपेंद्र पोशार्य ने किया, प्रोफेसर के. मुरारी दास एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के सहायक निदेशक सहदेव ठाकुर ने आमंत्रित अतिथियों तथा उपस्थित लोगों का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया। कार्यशाला के समाप्ति पश्चात ठाकुर दंपति ने अतिथियो एवं श्रोताओं को सम्मान स्वरूप भारतीय संविधान की प्रति भेंट कर ससम्मान विदाई दी। कार्यशाला में कृष्ण कुमार ठाकुर, मुकेश पौषार्य, सत्य प्रकाश महमल्ला आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन नामांकन व आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक 222.award.gov.in में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त देश के बच्चों को बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और नवाचार में उनकी असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अंतर्गत प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता बच्चे को एक पदक, 1 लाख रूपए राशि, 10 हजार रूपए मूल्य के पुस्तक वाउचर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए बच्चे की आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होना चाहिए। घटना या उपलब्धि आवेदन व नामांकन हेतु जारी तिथि के 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए। आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में उसी पुरस्कार को प्राप्त नहीं किया हाना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय की वेबसाईट 222.2 cd.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

# पुलिस ने गुमशुदा युवक-युवती को परिजनों से मिलाया




गुम इंसान के पता तलाश हेतु डोंगरगढ़ पुलिस की लगातार अभियान जारी

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इंसान क0- 38/2024 के युवती उम्र- 19 वर्ष जो दिनांक- 22.04.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज 6 जून 2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। एवं गुम इंसान क्रमांक- 43/2024 के युवक उम्र 18 साल जो दिनांक 25.04.24 को बिना बताये घर से कही चला गया था जिसको पता तलाश कर आज दिनांक- 06.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। पुछताछ करने पर गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

# शिव महापुराण कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर, एसपी और प्रशासनिक अधिकारी के टीम ने लिया जायजा



गंडई पंडरिया (दावा)। 18 से 24 जून तक होने वाले शिव महापुराण की तैयारी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा किया। इस दौरान आयोजक समिति से व्यवस्थायों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की, इनमें मुख्य पंडाल व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, अतिथि आवास व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने प्रतिदिन आने वाले एक लाख लोगों के पेयजल एवं भोजन व्यवस्था के बारे में विस्तार से चर्चा की। पंडित प्रदीप मिश्रा के आवास से कथा स्थल तक की सुरक्षा के लिए बेरीकेट्स बनाने की बात कही। पंडाल व्यवस्था में वी आई पी अतिथियों के लिए ब्लॉक बनाने की जानकारी दी गई। बरसात में होने वाले दिक्कतों के लिए विशेष वालेंटियर तैयार किए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सहायता केंद्र बनाया जाएगा। कम से कम 120 हाई क्वालिटी सीसी कैमरा लगवाने की बात कही। स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए 4 से 5 अस्पताल की व्यवस्था होगी। श्रद्धालुओं के लिए कथा श्रवण के लिए 30 एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। आयोजकों द्वारा बनाए गए वालेंटियर को ड्रेस कोड दिया जाएगा। जिससे पहचान में आसानी होगी। पीने के पानी के लिए 13 टैंकर की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों का अनुमान है कि प्रतिदिन 40 हजार लोग रुकेंगे। जिसमें कथा पंडाल से लेकर अन्य भवन शामिल होंगे। अम्लेश्वर के अनुभव को देखते हुए कथा स्थल पंडाल से बाहर पार्किंग व्यवस्था बनाई जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम मनाया गया



बांधाबाजार (दावा)। समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वाधान में 5 जून को वनांचल के आदिवासी बहुल ग्राम बमनी तहसील मोहला में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम मनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबल सिंह सलामे पर्यावरण प्रेमी ग्राम गल्हेटोला तथा अध्यक्ष पद पर संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले प्रमुख रूप से उपस्थित थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्मरण कर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया। पश्चात सभी अतिथियों का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया गया है। कार्यक्रम की शुरुवात अर्जुन कुमेटी ग्राम माधोपुर ने अपने उदबोधन में बताया कि जल जंगल जमीन का दोहन के वजह से प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। बिगाड़ने वाले लोग चैन की नींद सो रहे है। हम लोग उसके उपर चिंतन कर रहे है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने वाले कुछ लोग है। लेकिन प्रकृति के सोचने वाले उसे हरा भरा बनाने वाले बहुत लोग है। हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। तब विनाशकारी गतिविधि पर नियंत्रण किया जा सकता है। हमे हमारे गांव की पारंपरिक सीमा के अंतर्गत आने वाले प्राकृतिक संसाधन के प्रबंधन के लिए कार्य करना पड़ेगा। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी गांव के वन अधिकार समिति के पदाधिकारी तथा ग्रामसभा के सदस्य ने बारी बारी से अपने मनोगत विचार प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण हेतु विचार प्रकट किया।

पर्यावरण प्रेमी प्रबल सिंह ने बताया कि आज हमे देश की सीमा को देश के जवान सुरक्षा कर रहे है इसी तरह से आज गांव के प्राकृतिक संसाधन के प्रबंधन हेतु हमें संरक्षण करने की नौबत आ गई है। एक ओर विकाश हो रहा है दूसरी ओर विनाश हो रहा है। यह सारा खेल उद्योगपति एवं चंद स्वार्थी लोग ही कर रहे है। इसलिए इस कार्यक्रम के आयोजन से हमें नई सीख नया संदेश जनजागृति का संदेश मिलता है।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष जयदेव मोहुर्ले ने प्रकृति को विनाश करने वालों लोग, परियोजना, उद्योग, आदि के बारे में जानकारी दिया। देश की कानून व्यवस्था तथा संवैधानिक प्रावधानों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। दुनिया बहुत बड़ी है हम दुनिया का मुकाबला नहीं कर सकते है। लेकिन कुछ कानून, संवैधानिक प्रावधान है जिसे पेसा कानून, वन अधिकार कानून कहते है। जिसके बदौलत हम अपने गांव के पारंपरिक सीमा के अंतर्गत उपलब्ध संसाधन का उचित प्रबंधन कार्य कर सकते है। इसके बाद समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था द्वारा अंचल के उत्साही पारंपरिक देसी धान बीज संरक्षण संवर्धन प्रबंधन के दिशा में कार्य करने वाले चिन्हाकिंत व्यक्तिगत वन अधिकार का पट्टा धारक एवं अन्य कृषक लोगों को निःशुल्क धान बीज लुचई, गुरमुटीया, काली कमोड, दुबराज का वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम में वनांचल के 15 ग्राम के 64 लोगों की सहभागिता थी। कार्यक्रम का संचालन गजाराम धुर्वे ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती सरिता कोरेटी ने किया है।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे साहू समाज के कार्यक्रम में कलडबरी



खुज्जी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू साहू ग्राम कलडबरी में परिक्षेत्रीय साहू समाज के भवन निर्माण के लोकार्पण व कर्मा माता के स्थापना के उपलक्ष्य में पहुंचकर पूजा अर्चना किया और भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक श्री साहू जी ने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज बहुत बड़ा समाज है, जो निरंतर आगे बढ़ रहा हैं आगे बढ़ना भी चाहिए। ऐसा प्रगति हो आने वाले समय में चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो, चाहे किसी भी क्षेत्र में हो, चाहे व्यापार के क्षेत्र में हो हमेशा अग्रणी रहता है और आने वाले समय में भी आगे रहेंगे। जब भी समाज की बात हो सब लोगों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए और बिल्कुल सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्षता किया जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, मिलाप साहू, किशुन लाल साहू, तुलदास साहू, नीलेंद्र साहू, दीनू साहू, देवेंद्र साहू भभुति साहू, नरेंद्र साहू, समाज प्रमुख क्षेत्रवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

मुंबई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढ़ने के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है। इससे पहले 2002 में भी ऐसा हो चुका है। उस समय दोनों कंपनियों की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर से कम थी।

## फिर महंगा हुआ सोना चांदी



नईदिल्ली। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सोने चांदी के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। आज लगातार दूसरे दिन दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 73 हजार रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,700 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 361रुपये की तेजी के साथ 72,879 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 407 रुपये की तेजी के साथ 72,925 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,962 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,879 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## गेंदबाज फ्रेंको एनसुबुगा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 में युगांडा के फ्रेंको एनसुबुगा ने इतिहास रच दिया। एनसुबुगा ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर के स्पेल में 4 रन देकर 2 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने साउथ अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे का रिकॉर्ड तोड़ धवस्त किया। एनरिक नॉर्टजे ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में 4 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लिए थे। इस तरह फ्रेंको एनसुबुगा ने अपने नाम टी20 विश्व कप में सबसे किफायती चार ओवर स्पैल का रिकॉर्ड बना लिया। बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे किफायती 4 ओवर करने के मामले में तीसरे नंबर पर अब श्रीलंका के अजंता मेंडिस ने 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 4 ओवर में 8 रन देकर 6 विकेट चटकाए। अगर बात करें मैच की तो पापुआ न्यू गिनी ने पहले बैटिंग करते हुए 77 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में युगांडा की टीम ने 18.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया और युगांडा की टीम को 3 विकेट से जीत हासिल हुई।

## भारतवंशी सुनीता विलियम्स ने फिर रचा इतिहास

ह्यूस्टन। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरीं। वह बोइंग के सीएसटी-100 स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने वाली पहली सदस्य बन गई हैं। साथ ही इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला भी हैं। विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से रवाना हुआ। 58 वर्षीय विलियम्स उड़ान परीक्षण की पायलट हैं, जबकि 61 वर्षीय विल्मोर मिशन के कमांडर हैं। यह मिशन पहले कई बार प्रभावित हो चुका है। इसके गुरुवार दोपहर 12:15 बजे अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने की संभावना है। बोइंग का इरादा स्टारलाइनर को स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल के साथ प्रतिस्पर्धा करना है, जो 2020 से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन चालक दल के सदस्यों को स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए नासा का एकमात्र स्पेशक्राफ्ट रहा है। बोइंग रक्षा, अंतरिक्ष और सुरक्षा अध्यक्ष और सीईओ टेड कोलबर्ट ने कहा कि यह चालक दल उड़ान परीक्षण अंतरिक्ष अन्वेषण के नए युग की शुरुआत है। हम अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने और घर वापस लाने के लिए उत्सुक हैं।

### विदाई मैच के बाद भावुक हुए सुनील छेत्री

# टीम इंडिया के गार्ड ऑफ ऑनर देने पर निकले आंसू









नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह दिया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को खत्म किया। इस दौरान उन्हें अधिकारियों ने उपहार-ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

अपने आखिरी मैच के बाद छेत्री भावुक हो गए और मैदान पर ही रोने लगे। उन्होंने मैच के बाद पूरे स्टेडियम का लैप ऑफ ऑनर भी लिया और दर्शकों को धन्यवाद दिया। भारतीय टीम ने छेत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो वह रोने लगे। भारत ने कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। छेत्री भारत के फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया और उनका करियर लगभग दो दशकों तक चला। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 151 मैच खेले और 94 गोल किए। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने और सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड है। मैच समाप्त होने के बाद छेत्री ने पूरे स्टेडियम में लैप ऑफ ऑनर लेकर फैंस को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस जाने लगे तो टीम के साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में आखिरी बार मैदान छोड़ते समय 39 वर्षीय छेत्री और भावुक हो गए। गार्ड ऑफ ऑनर के लिए आगे बढ़ने से पहले छेत्री रोने लगे। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान को अन्य खिलाड़ियों ने सांत्वना दी।

इसके बाद छेत्री जर्सी बदलकर मैदान पर आए। उन्हें रोता देख स्टेडियम में मौजूद उनके माता-पिता भी रोने लगे। वहीं, पत्नी सोनम भी भावुक हो गईं। भारत के पूर्व स्टार रॉबिन सिंह ने भी छेत्री को गले लगा लिया। जब छेत्री को सम्मानित किया जा रहा था तो परिवार वालों की आंखों में आंसू थे। छेत्री के माता-पिता और पत्नी अपने आंसू रोकने के लिए संघर्ष करते दिखे।

इतना ही नहीं स्टेडियम में मौजूद फैंस के भी सुनील छेत्री को भावुक देख आंसू निकल पड़े। राजस्थान रॉयल्स ने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें कैमरामैन को रोते हुए दिखाया। वहीं, स्टेडियम में लगातार सुनील छेत्री के नाम के नारे लगते रहे। अब भारतीय टीम पूरी तरह से 11 जून को कतर के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मैच पर निर्भर है। टीम इंडिया तब पहली बार बिना सुनील छेत्री के उतरेगी। भारतीय टीम पहली बार तीसरे दौर में पहुंचने के लिए खेल रही है। भारत को अपने आखिरी मैच में बड़ा उलटफेर कर कतर को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि एशियाई चैंपियन कतर एक और मैच में अफगानिस्तान को हरा दे।

## न्यूयॉर्क की पिच को लेकर आईसीसी की जोरदार आलोचना

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क की पिच को लेकर बवाल मचा हुआ है. दरअसल, भारत और आयरलैंड के बीच मैच के दौरान न्यूयॉर्क की पिच ने काफी असर दिखाया. बल्लेबाज के लिए गेंद खेलना इस पिच पर काफी मुश्किल था. न्यूयॉर्क की पिच को फैन्स और पूर्व दिग्गज खतरनाक कहकर संबोधित कर रहे हैं. सबसे हैरानी वाली बात ये है कि टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के मैच ऐसी पिच पर खेला जा रहा है जिसने यकीनन सभी के होश उड़ा दिए हैं. मैच के दौरान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत को पिच में असमान उछाल के कारण चोट भी लगी. यहां तक कि रोहित शर्मा अर्धशतक जमाने के बाद रिटायर्ड हर्ट तक हो गए थे. अब जब बल्लेबाजों के लिए न्यूयॉर्क की पिच कब्रगाह बन गई है तो पूर्व दिग्गज इस पर रिएक्ट कर रहे हैं. भारत के पूर्व गेंदबाज इरफान पठान ने पिच को लेकर आईसीसी की आलोचना की है. इरफान ने कमेंट्री करते हुए कहा कि, यह पिच बिल्कुल खराब है. ऐसी ही पिच यदि भारत में होती तो अगले दिन इस पर मैच नहीं होता है, आईसीसी को यहां पर कुछ मैच पहले कराने थे. वर्ल्ड कप के मैच सीधे ऐसी पिच पर कराना बिल्कुल गलत है.




इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इस पिच को भयानक करार दिया है. वॉन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर किया और लिखा, यह भयानक है।

## युगांडा ने पीएनजी को हराकर रचा इतिहास, टी20 वर्ल्ड कप में दर्ज की अपनी पहली जीत

नई दिल्ली। युगांडा ने गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच जीता। रियाजत अली शाह की धैर्यपूर्ण 33 रनों की पारी की बदौलत युगांडा ने कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में 78 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया।




युगांडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पीएनजी की शुरुआत बेहद खराब रही। असदवाला बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। टोनी ऊरा 1 रन बनाकर आउट हुए। इन दो शुरुआती झटकों से पापुआ न्यू गिनी उबर नहीं सकी और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

लेगा सियाका ने 12 और हिरी हिरी ने सर्वाधिक 15 रन की पारी खेली। पापुआ न्यू गिनी के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सके। पीएनजी की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 रन बनाकर आउट हो गई। युगांडा की तरफ से रामजनी, क्येवूता, जुमा मियाजी और फ्रैंक नसूबूगा को दो-दो विकेट मिले। ब्रायन मसाबा को एक विकेट मिला।

78 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए युगांडा की भी शुरुआत खराब रही। रोजर मुकासा (0) और साइमन सेसाजी (1) रन बनाकर आउट हुए। रॉबिंसन ओबुया भी 1 रन का योगदान दे सके। रियाजत अली शाह ने टिक कर खेलते हुए 56 गेंद पर 33 रन की पारी खेली। आखिर में जुमा मियाजी ने 16 गेंद पर 13 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। केनेथ वैसवा के बल्ले से विनिंग रन निकला। युगांडा ने 10 गेंद शेष रहते 7 विकेट पर 78 रन बनाकर मैच जीत लिया।

युगांडा ने टी20 वर्ल्ड कप में इतिहास रचते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। पापुआ न्यू गिनी की तरफ से आलेई नाओ, नॉर्मन वानुआ को दो-दो विकेट मिले। चैड सोपर और असदवाला को एक-एक विकेट मिला।

## इजरायल ने गाजा के स्कूल में गिराए गए बम; 39 की मौत

गाजा। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस बार इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शिविर में एक स्कूल को निशाना बनाया है। इस हवाई हमले में कम से कम 39 फिलिस्तीनी की मौत हुई है और दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं। 39 फिलिस्तीनी में से ज्यादातर बच्चे और महिलाएं थीं।



एक समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली लड़ाकू जेट ने कम से कम तीन कक्षाओं पर कई मिसाइलों से हमला किया। इस स्कूल में सैंकड़ों फिलिस्तीनी शामिल थे। वहीं एपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना का कहना है कि उसने गाजा पट्टी में एक स्कूल के अंदर हमास परिसर पर हमला किया। हमास की तरफ से संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने स्कूल पर इजरायल के हमले को भयानक नरसंहार बताया और इसकी निंदा की। वहीं हमले को लेकर कहा जा रहा है, इजरायली सेना, नागरिकों के खिलाफ किए गए नरसंहार के अपराध का स्पष्ट सबूत है।%

कार्यलय ने आगे कहा कि, इजरायल और अमेरिका जो मानवता को खतरे में डालते हैं, उन्हें इन हमलों की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कार्यलय के मुताबिक,ये दोनों देश अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। बता दें कि इजरायल पक्ष की तरफ से इस घटना पर अभी कोई जवाब सामने नहीं आया है। इस बीच हमास के सह-संस्थापक शेख हसन यूसुफ के बेटे मोसाब हसन यूसुफ का भी एक बयान सामने आया। ग्रीन प्रिंस के नाम से जाने वाले मोसाब ने कहा, फिलिस्तीन इजरायल के विनाश पर निर्भर करता है।

## मालगाड़ी में जा घुसी ट्रेन, हादसे में 4 लोगों की मौत, 23 जख्मी

प्राग। यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक की राजधानी प्राग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बताया जा रहा है, आज तड़के एक ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है, वहीं 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है।



इंटरियर मंत्री विट रकुसन ने इस घटना के बारे में आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्राग से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) पूर्व पर्डुबिस शहर में ये घटना हुई। रकुसन ने आगे बताया, यात्री ट्रेन निजी रेजीओजेट कंपनी की थी। देश के पूर्वी हिस्से के बीच एक प्रमुख ट्रैक को बंद करना पड़ा। वहीं अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। परिवहन मंत्री मार्टिन कुप्का ने इस बात की जानकारी दी है।

ट्रेन 300 से अधिक यात्रियों को ले जा रही थी, जिनमें से कई विदेशी थे। निजी रेंजियोजेट कंपनी द्वारा संचालित ट्रेन, स्लोवाकिया की सीमा के करीब पश्चिमी यूक्रेनी शहर चोप की ओर जा रही थी। टीवी फुटेज के मुताबिक, एक गाड़ी पटरी से उतर गई थी और यात्रियों को पार्डुबिस मुख्य स्टेशन के पास बसों में बिठाया जा रहा था। वहीं स्थानीय अग्निशमन विभाग की प्रवक्ता वेंडुला होराकोवा ने चेक टीवी को बताया है कि मालगाड़ी कैल्शियम कार्बाइड ले जा रही थी।बता दें कि प्रधान मंत्री पेट्र फियाला ने भी इस घटना पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने दुर्घटना को एक बड़ी त्रासदी बताया और मारे गए लोगों के प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। वहीं इससे पहले चेक रिपब्लिक से एक मास  शूटिंग का मामला सामने आया था। हादसे में एक विश्वविद्यालय की इमारत में भीषण गोलीबारी की गई।

## प्रथम पेज का शेष

*नरेंद्र मोदी तीसरी बार 9 जून को...*

जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना 7 जून को दोपहर बाद 4 बजे ढाका से चलेंगी। वो 9 जून की दोपहर तक नई दिल्ली में रहेंगी। मॉरिशस के पीएम परविंद जुगनाथ और नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड को भी नई दिल्ली में शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चू और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रसिंघे को भी समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रण मिला है।

*छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव ...*

इसके लिए 14 दिनों का समय होता है। इन अवधि में सदस्य कभी भी इस्तीफा दे सकता है। सदस्य पर निर्भर करता है कि वह किस सदन में बने रहना चाहता है। बृजमोहन अग्रवाल प्रदेश के सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। वे लगातार आठवीं बार विधायक बने हैं। वर्तमान में विष्णुदेव साय सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री हैं।

ये है उपचुनाव की प्रक्रिया- जनप्रतिनिधि अधिनियम में उप चुनाव छह माह के अंदर कराने का प्रविधान है, लेकिन इस प्रविधान में दो परंतु लगते हैं, जिनके कारण इन्हें टाला भी जा सकता है। यदि खाली हुई सीट की बकाया समयावधि एक वर्ष से कम और केंद्र सरकार की मंत्रणा से चुनाव आयोग यह सत्यापित करता है कि इस अवधि में चुनाव कराना मुश्किल है तो उप चुनाव टाले जा सकते हैं। उप चुनाव के लिए अधिसूचना जनप्रतिनिधि अधिनियम, 1951 के सेक्शन-150 के अंतर्गत जारी होती है।

*छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन ...*

इससे महिलाएं महतारी वंदन योजना की पहली किस्त से वंचित हो गई थी। पहली किस्त जारी होने के अंतिम दिन तक आधार से खातों को लिंक करने की प्रक्रिया चली थी। इसके बाद पहली किस्त से वंचित महिलाओं को दूसरी किस्त में राशि जारी हुई थी।

70 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए थे- योजना के लिए 70.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 70.14 लाख महिलाओं को पात्र माना गया। 11,771 आवेदन रिजेक्ट हुए थे। पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं। अब तक चार किस्तों में 2,500 करोड़ से अधिक की राशि जारी हो चुकी है।

## पावरलिफ्टर संदीप कौर पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध



नई दिल्ली। नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिये आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाये जाने के कारण लगाया गया है। पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था। कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है । वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी। प्रतिस्पर्धा के दौरान लिये गए उनके मूत्र के नमूनों में नोरांड्रोस्टेरोन, मेटांडियेनोन और मेफेंटरमाइन के अंश पाये गए। एडीडीपी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कौर यह बता नहीं सकी है कि ये पदार्थ उनके शरीर में कैसे गए। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अपने वकील के मार्फत पैनल से अनुरोध किया कि मामले की गंभीरता को भी ध्यान में रखा जाये क्योंकि खिलाड़ी ने कई प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन किया है और निलंबन की अवधि दो साल और बढाई जाए।

एडीडीपी ने नाडा की दलील स्वीकार करके प्रतिबंध दस साल का कर दिया जो छह सितंबर 2023 से लागू होगा। एक अन्य अहम फैसले में वुशू खिलाड़ी अवनीश गिरि पर प्रतिबंध के दौरान एक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। गोवा राष्ट्रीय खेल 2023 में रजत पदक जीतने वाली केरल की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम की सदस्य नेहा वी पर भी डोप टेस्ट में नाकाम रहने के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

## सरबजोत ने म्यूनिख निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, खुला भारत के पदक का खाता



नई दिल्ली। सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और चार बार के ओलंपियन यूसुफ डिकेक की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस स्वर्ण से आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता भी खुल गया। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242.7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0.2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता।

सरबजोत ने बुधवार को क्वालिफाइंग मुकाबले में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, फाइनल में सरबजोत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल भोपाल में भी स्वर्ण पदक जीता था।

इससे पहले सरबजोत पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहे थे। सरबजोत ने चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था और भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का पहला पिस्टल कोटा हासिल किया था। पिछले साल एशियाई खेलों में सरबजोत ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था।

# पति-पत्नी ने की दारू पार्टी, फिर हो गया विवाद पति ने पटक-पटककर मार डाला

**कवर्धा(दावा)। कवर्धा से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल पति-पत्नी ने मिलकर शराब पी। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया घटना कुकदुर थाना अंतर्गत ग्राम बदना की है। 2 जून की सुबह थाना कुकदुर पुलिस को ग्राम बदना में हत्या की सूचना मिली।**



पुलिस टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले में तस्दीक की गई। बात सामने आयी कि बुधरिया बाई व वीर सिंह धुर्वे दोनों पति-पत्नी ने शराब पी और बाद फिर किसी बात को लेकर वाद-विवाद कर रहे थे। पति वीर सिंह धुर्वे गुस्से में आकर अपनी पत्नी का गला पकड़कर सिर को कांक्रीट की चौखट पर पटक दिया। सिर में चोट लगने से बुधरिया बाई की वही पर मौत हो गई। पुलिस टीम ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कुकदुर थाना प्रभारी निरीक्षक व्यास नारायण चुरेन्द्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि महिला की मौत गला दबाने से हुई है। इसके बाद आरोपी से कड़ाई से पूछताछ किया, जिसमें बताया कि उसकी बहू गर्भवती है। इसी बात को लेकर बहस हुई उसकी देखभाल नहीं करते हो, जिसके कारण वह अपने मायके चली गई।

विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच झूमा झटकी होने लगी। पति ने पत्नी के सिर पकड़कर कांक्रीट की चौखट पर पटक दिया। इससे सिर के पीछे खून आने लगा। इसके बाद पति ने पत्नी की गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुकदुर पुलिस ने आरोपी वीर सिंह धुर्वे (31) को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# देर रात आया कांकेर और बालोद का परिणाम, जश्न में डूबे भाजपाई

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 11 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। सबसे देर तक यहां पर कांकेर और बालोद लोकसभा सीट का परिणाम आया। छत्तीसगढ़ में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 11 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। सबसे देर तक यहां पर कांकेर और बालोद लोकसभा सीट का परिणाम आया। एक तरफ जहां कांकेर में रिकाउंटिंग चल रही थी तो दूसरी ओर बालोद में भी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसे में जब परिणाम आए तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।



विधानसभा प्रत्याशी रहे राकेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी के चेहरे पर लोगों ने विश्वास दिखाया है और हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि हम जीत दर्ज करने में सफल हुए हैं। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता सौरभ लुनिया ने कहा कि इन चार महीने में जो विष्णु देवसाय की सरकार ने काम किए हैं। यह जीत का श्रेय हम उन्हे देते हैं बता दें कि रुझानों के आने के बाद से ही जश्न मनाने का दौर शुरू हो गया था।

भाजपा के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास है और उनके द्वारा किए गए समर्पण भाव से काम का यह परिणाम है और पीएम मोदी की गारंटी पर हमारे लोकसभा और बालोद जिले के लोगों ने विश्वास जताया है इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

# खैरागढ़ में स्व. राजा देवव्रत सिंह के समर्थकों ने मनाई जयंती

**खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ विरासत के राजा और राजनीति के अजेय योद्धा रहे स्व.देवव्रत सिंह का 3 जून को खैरागढ़ में उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों के द्वारा जयंती मनाई गई।**



सर्वप्रथम दंतेश्वरी मन्दिर में पूजा अर्चना के साथ ही शासकीय सिविल अस्पताल में मरीजो को फल वितरण कर केक काटा गया। उसके बाद दाऊचौरा स्थित शीतला मन्दिर एवं दाऊ साहब बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना किया गया एवं बस स्टैंड स्थित शिवमंदिर में पूजार्चना कर स्व. राजा देवव्रत सिंह के समाधि पर माल्यार्पण कर उनको उनके पुण्य कर्मों के लिए स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

तदोपरान्त अंबेडकर चौक में उनके तैलचित्र में माल्यार्पण कर प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान उनके पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह, पुत्री राजकुमारी सताक्षी सिंह, बहन उज्जवला देवी सिंह,पद्मादेवी सिंह,लाल अशोक सिंह, कन्हैया सिंह बैस, जितेंद्र सिंह गौर, कपिनाथ महोबिया, यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', गुलाब चोपड़ा, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक देवांगन, अब्दुल रज्जाक खान, अरशद हुसैन, प्रबल खत्री, लाल सुदेश सिंह, पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, किशन रजक, मनोज बैद, शत्रुहन घृतलहरे, सुमन पटेल, दयाराम पटेल, लाल अमित सिंह, पलास सिंह, राजेश मिश्रा, सूर्यकांत यादव, मोतीपाल, सुमित टांडिया, विद्या टांडिया, राधे पटेल सहित बड़ी संख्या में स्व. राजा देवव्रत सिंह के समर्थक उपस्थित थे।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 5 जून बुधवार को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय सेवा कोर (एन.सी.सी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर एनसीसी के ए.एन.ओ. गुलशन सिन्हा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत मानव द्वारा अपने हित के लिए निरंतर पृथ्वी के संसाधनों का दोहन करने के कारण होने वाली क्षति को रोकने और पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण दिवस की शुरुआत की गई। मानव ने पिछले 200 वर्षों में अपनी उन्नति और प्रगति के नाम पर प्रकृति का जो शोषण किया है, उसी का परिणाम है जो आज हम अपने पर्यावरण में परिवर्तन देख रहें है। यदि इस पर अब भी दृढ़ता के साथ विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में हमें इसके भयंकर परिणाम भुगतने होंगे।



**पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**

पर्यावरण दिवस विषय की गंभीरता मानव ने हमेशा अपने विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने का प्रयास किया है इसके लिए विश्व के सभी देश अपनी प्रगति के लिए प्रकृति के संसाधनों का वहन कर रहें है जिसका परिणाम है कि प्रदूषण तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। हम अपनी सुख-सुविधा के लिए निरंतर पेट्रोलियम जैसे पदार्थो का उपयोग करते हैं, घर को वातानुकूलित रखने के लिए ए.सी का उपयोग करते हैं तथा साथ ही कारखानों से निकलने वाले जैविक पदार्थ जो सुविधा के अनुसार कहीं भी छोड़ दिए जाते हैं, प्रदूषण को बढ़ावा देने में अपना योगदान दे रहें हैं, जिससे हमारी पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में यदि इसे अभी भी कम न किया गया, तो मानव सभ्यता का नाश होने में अधिक समय नहीं लगेगा। इस प्रदूषण का भयानक परिणाम यह हो सकता है कि इस पृथ्वी पर जीवन की परिकल्पना करना भी असंभव हो जाएगा।

### बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना होगा - पदम

एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदम ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है। हमें जीवन भर हमारे पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम अपनी आँखें खुली रखें और अपने भीतर एवं वातावरण में कुछ सकारात्मक बदलाव लाएं। हमें अपने बच्चों को भी इस समस्या प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि वे भी पर्यावरण सुरक्षा के अभियान के प्रति जागरूक हो सकें तथा भविष्य में इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। हमारी गलतियों जैसे कि बिजली का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, औद्योगीकरण, सीवेज का सीधे नदियों एवं नहरों में निपटान, पोलिथीन का हानिकारक अविष्कार एवं इस्तेमाल आदि द्वारा पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंच रहा है। इस अवसर पर ग्रंथपाल नितेष तिरपुड़े, सहा.प्राध्या ओ.पी. वर्मा, अविनाष सिंह, कर्मचाारीगण संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढ़े, शैलेन्द्र यादव, प्रिती सहारे आदि उपस्थित रहे।

# विधायक भोलाराम के गढ़ में कांग्रेस की लीड हुई कम

छुरिया (दावा)। लोकसभा चुनाव परिणाम खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लिए काफी निराशाजनक रहा। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू ने भाजपा प्रत्याशी को लगभग 26 हजार मतों से हराया था। वहीं इस लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव की तुलना में 11 हजार वोट कम मिले। खुज्जी विधानसभा के दो पूर्व विधायक के गृह ग्राम में भी कांग्रेस की करारी हार हुई है। लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस की आपसी गुटबाजी के चलते इस लोकसभा चुनाव में उसकी दुर्दशा हो गई।

तीन माह पूर्व हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू ने भाजपा प्रत्याशी गीता साहू को लगभग 26 हजार मतों से हराकर कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत दर्ज करायी थी। किन्तु इस लोकसभा चुनाव में 11 हजार मतों से पिछड़ गए जिससे कांग्रेस प्रत्याशी की लीड कम हो गई। लोकसभा चुनाव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुज्जी विधानसभा में लगभग 14900 मतों से चुनाव जीत तो गये पर खुज्जी में कांग्रेस ने जिस लीड की उम्मीद की थी वह नहीं मिल पायी। लोकसभा चुनाव में खुज्जी विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष होने के बाद पुनः कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया, इससे कांग्रेस की गुटबाजी बढ़ गई। वहीं लोकसभा चुनाव में जहां-जहां भूपेश बघेल की चुनावी सभाएं हुई वहां बैनर, झण्डे, पोस्टर तो दिखाई दिए लेकिन कई गांवों में इसका अभाव था। वहीं बूथ सेक्टर प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष बदलने से भी निष्ठावान कांग्रेसियों को घोर निराशा हुई। विधानसभा चुनाव में जिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विधायक भोलाराम साहू को ऐतिहासिक जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उन्हें छोड़कर अपने चाटुकारिता समर्थकों को इसका जिम्मा सौंप दिया गया।

**कांग्रेस के दो पूर्व विधायक के गृह ग्राम से भी हारे कांग्रेस में गुटबाजी के चलते हुई दुर्दशा**

भोलाराम साहू के खास समर्थक के पार्टी गाइड लाईन के विपरीत कार्य करने पर उसके खिलाफनिंदा प्रस्ताव भी पारित हुआ, लेकिन उस पर कार्यवाही नहीं हुई। इससे भी कार्यकर्ता नाराज दिखे। जिले के कांग्रेस शीर्ष नेताओं ने इस मामले में चुप्पी साध ली, परिणाम विधानसभा की तर्ज पर खुज्जी में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत तो हुई लेकिन लीड सिमट कर आधी रह गई।

### दो पूर्व कांग्रेस विधायक अपने गृह ग्राम से हारे चुनाव

लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनावी सभा में भाजपा की तीखी आलोचना कर बघेल के पास अपना कद बढ़ाने पहुंचे दो पूर्व विधायक छन्नी साहू अपने गृह ग्राम पैरीटोला से एवं पूर्व विधायक प्रकाश यादव के ग्राम घोघरे से कांग्रेस प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

### कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष भी हारे अपने गांव

नगर पंचायत छुरिया के तीन बूथों में कांग्रेस की पराजय हुई यहां पर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन को बूथ का जिम्मा सौंपा गया था, जहां इन्हें हार का सामना करना पड़ा। उसी तरह कांग्रेस लोकसभा चुनाव में आपसी गुटबाजी के चलते भोलाराम के कट्टर समर्थक राजकुमार सिन्हा को कांग्रेस पार्टी का कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। जिनके गृह ग्राम शिकारीमहका में भी कांग्रेस पार्टी को करारी शिकस्त मिली है।

# कांग्रेस के पांच विधायक मिलकर भी बचा नहीं पाये भूपेश की नैया-जितेन्द्र गेंडरे



डोंगरगढ़(दावा)। जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री जितेन्द्र गेन्डरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सन्तोष पांडे को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पटखनी खानी पड़ी। सासंद संतोष पांडे को लगातार दूसरी बार राजनांदगांव का सासंद बनने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में हुआ पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया।

साथ ही पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के सुरगी प्रक्षेत्र में पौधरोपण किया गया। जिसमें तालाब, मेड़ों एवं रोड़ किनारे में आम, पपीता, चीकू एवं कटहल के 140 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारीगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पारीखुर्द में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल भरेंगांव में 5 जून को बच्चों व शिक्षकों ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

इस आयोजन में बच्चों ने पर्यावरण संबंधी स्लोगन की तख्ती तैयार की और सबको जागरूक करने का प्रयास किया। बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर शाला परिसर में फलदार व छायादार पौधे लगाए और पौधों को पानी देकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

दिन विशेष के अनुसार अधिकांश बच्चों व शिक्षकों ने हरे रंग के वस्त्र पहने हुए थे, जो धरती को हरी भरी रखने का संदेश दे रहे थे। विश्व पर्यावरण दिवस के इस आयोजन में संस्था प्रमुख एस.के. सेवता, शिक्षिका विभा सिंहमारे, पुष्पलता देवांगन शाला की पूर्व छात्राए रमा साहू, भानेश्वरी साहू व बच्चे उपस्थित रहे।

# प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए -वर्मा

**ठ`लक ाडीह (दावा)। भले ही आए दिन हमारे क्षेत्र से लेकर प्रदेश व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जिस प्रकार से इस समय पर्यावरण से जो खिलवाड़ हो रहा है। वह निश्चित ही भविष्य में प्रत्येक प्राणी के लिए खतरा साबित हो सकता है।**



पर्यावरण संतुलन बिगड़ने के प्रमुख कारण पेड़ों की कटाई है, हर साल क्षेत्र से लेकर जिलों व प्रदेश में हजारों लाखों छायादार पेड़ों की कटाई बेवजह हो रहा है इससे जीव जंतुओं से लेकर प्रत्येक प्राणी प्रभावित हो रहे हैं। यदि इसी रफ्तार से वृक्षों की कटाई होती रही तो वह दिन दूर नहीं लोगों को छायादार पेड़ों के लिए तरसना पड़े द्य पेड़ों की कीमत तब हमें पता चलती है, जब गर्मी के समय सामान्य तापमान से अधिक तापमान बढ़ जाता है तब हमें उन छायादार वृक्षों की याद आती है।

क्षेत्र के बसूला निवासी स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभी भी वक्त है हम अपने आसपास से लेकर गांव में घरों में सड़क किनारे पौधारोपण कर उसे पेड़ बनाया जा सकता है। पुराने जमाने में हमारे बुजुर्गों द्वारा पेड़ों की पूजा करते थे और उनका आभार मानते भी थे।

हम सभी मिलकर अपने मनोरंजन के लिए बड़े से बड़े कार्यक्रमों को सब मिलकर योगदान देते हैं इसी तरह पर्यावरण की संरक्षण के लिए हर वर्ग को पौधारोपण कर पर्यावरण की संरक्षण के लिए प्रति सजग रहना होगा ताकि कम समय में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जा सके।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया




डोंगरगढ़(दावा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत एवं सचिव हेमंत रात्रे के मार्गदर्शन में 5 जून पर्यावरण दिवस अभियान के तहत पर्यावरण दिवस मनाया गया।

जिसके तहत बुधवार को ग्राम मुरमुंदा के रोजगार गारंटी योजना तहत पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान चलाया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा लोगों को संदेश दिया। कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक हैं। जिस गति से लगातार प्रतिवर्ष तापमान में वृद्धि हो रही जिससे लोगों द्वारा एसी, कूलर का सहारा लेना पड़ रहा। भविष्य के तापमान को बनाए रखने में वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। जिससे वातावरण का संतुलन बना रहें। इस कार्यक्रम में रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यरत मेट, मजदूरगण एवं पीएलवी पवन कुमार उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

खैरागढ़ (दावा)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है।। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।



उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है,जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भाजपाईयों ने दी सांसद पाण्डेय को जीत की बधाई



खुज्जी (दावा)। लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने पर खुज्जी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद कार्यालय पहुँचकर नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का स्वागत कर उन्हें इस ऐतिहासिक जीत की बधाई व शुभकामना दिया। श्री पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस कड़े मुकाबले में लगभग 44000 से अधिक मतों से पटखनी दी। इस दौरान तखतराम सोनकर, राजू गिरी गोस्वामी, जगत सोनकर, गंगाराम कमरिया, लाल सिंह सोनकर उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और प्रशासन को मजबूत करने आईटी का होगा इस्तेमाल, बजट में प्रावधान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार सुशासन लाने के लिए आईटी का बड़े पैमाने में इस्तेमाल करेगी। जनकल्याणकारी योजनाओं से मॉनिटरिंग से लेकर वित्तीय प्रबंधन करों की वसूली, भूमि संबंधी रिकार्ड के पंजीयन, संधारण और संशोधन सहित सभी जरूरी क्षेत्रों में आईटी का इस्तेमाल होगा। सरकार की ओर से लोगों तक शासकीय योजनाओं की पहुंच का दायरा बढ़ाने के साथ ही प्रशासन को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस पहल करने जा रही है। सरकार के बजट में इन सभी विषयों को शामिल किया गया है। जनकल्याणकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अटल डैशबोर्ड की शुरूआत की गई है।

सीएम साय की पहल पर हाल में ही देश के जाने-माने विशेषज्ञों के साथ आईआईएम रायपुर में दो दिनों तक बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुशासन तथा नागरिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी उपायों का चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में रायपुर-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों के स्टेट कैपिटल के रूप में विकसित कर विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर तैयार करने का लक्ष्य है। सभी विभागों में आई.टी. के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 266 करो? का प्रावधान किया गया है।



नवा रायपुर, अटल नगर में लाईवलीहुड सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस एवं दुर्ग जिले में सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप स्थापित करने का लक्ष्य है। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए इन्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा बी.पी.ओ. एवं के.पी.ओ. को आकर्षित करने के लिए आई.टी. पार्क की स्थापना की भी योजना है। नवा रायपुर में आई.टी. आधारित रोजगार सृजन हेतु 'प्लग एण्ड प्ले' मॉडल का विकास किया जायेगा, इससे आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन के नये अवसर विकसित होंगे।

बजट में छत्तीसगढ़ सेंटर फॉर स्मार्ट गवर्नेन्स की स्थापना सहित प्रदेश के 168 नगरीय निकायों में ई.गवर्नेन्स के तहत बजट एण्ड अकाउंटिंग मॉड्यूल स्थापित करने के प्रावधान शामिल किए गए हैं। 47 नगरीय निकायों में प्रॉपर्टी सर्वे किये जाने हेतु त्नढ्ढस् आधारित सॉफ्टवेयर तैयार किया जायेगा। शासकीय धन के आय.व्यय की दैनिक निगरानी के लिए एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली प्रारंभ की जायेगी। पीएम वाणी के अंतर्गत प्रथम चरण में एक हजार ग्राम पंचायतों में वाई.फाई के माध्यम से हॉट-स्पॉट इंटरनेट सुविधा दी जाएगी। वस्तु एवं सेवाकर के संकलन में सुधार एवं पारदर्शिता के लिए राज्य मुख्यालय में बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर संबंधी अपीलीय मामलों के त्वरित निराकरण हेतु अधिकरण की स्थापना की जाएगी।

भूमि एवं भवनों का हस्तांतरण तथा अन्य विविध पंजीकृत संव्यवहार हेतु राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली सॉफ्टवेयर का उपयोग सभी जिलों में लागू किया जायेगा। भू-नक्शों का जियो-रिफ्रेंसिंग कराया जायेगा तथा प्रत्येक भू.खंड में यू.एल.पिन नंबर देते हुए भू-आधार कार्ड जारी किया जायेगा। भू-अभिलेखों को सिविल न्यायालयों से लिंक किया जायेगा। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया को ऑनलाईन एवं सरल किया जायेगा।

# भूपेश के प्रति आक्रोश व मोदी के नाम पर हुई संतोष पांडेय की नैय्या पार

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 58 हजार मतों के गढ्ढे को नहीं पाट पाए। इस कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। वहीं दूसरी ओर संतोष पांडेय मोदी के नाम से पूरे चुनाव में कार्यकर्ताओं तक पहुंचे और चुनाव जीत गए।

भूपेश बघेल को लेकर राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं के बीच इतना असंतोष था कि उनके द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन में ही अपना गुस्सा जाहिर कर दिया गया था। उसके बाद से जो माहौल बिगड़ा वह नहीं संभला। भूपेश बघेल का पिछले पांच साल मुख्यमंत्री का कार्यकाल भी इस लोकसभा चुनाव में उन्हें भारी पड़ गया। कार्यकर्ताओं का सीधा आरोप था कि पांच वर्षों तक उनकी उपेक्षा की गई। अब किस



मुंह से वह उनके लिए काम करेंगे।

वहीं, भूपेश बघेल ने कवर्धा, पंडरिया, खुज्जी, मोहला-मानपुर जैसी विधानसभाओं से जीत हासिल की है। संतोष पांडेय के कार्यकर्ताओं का गुस्सा कम नहीं था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खैरागढ़ में आमसभा में कहा कि आप मोदी जी को वोट करें, यहां संतोष पांडे नहीं, मोदी जी चुनाव लड़ रहे है। तब जाकर संतोष पांडेय की स्थिति मजबूत हो पाई है। इसके अलावा आदित्यनाथ की सभा ने भी स्थिति को ठीक करने में काफी हद तक दिया। वहीं पिछले लोकसभा की तुलना में जीत का अंतर 67 हजार कम हो गया। वहीं, दूसरी और भूपेश बघेल के लिए प्रियंका गांधी द्वारा खैरागढ़ में प्रचार करने के बाद भी भूपेश बघेल हार गए।

### संतोष की जीत के कारण

- सिर्फ और सिर्फ मोदी का नाम चला।
- भूपेश के खिलाफ आक्रोश कांग्रेस में गुटबाजी।
- पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मोर्चा संभालना।

### भूपेश की हार के कारण

- कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की अपेक्षा।
- कार्यालयों को दुर्ग ले जाना।
- मुख्यमंत्री रहते राजनांदगांव की उपेक्षा।

# गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खाते से 40 लाख गबन

## स्कूल के हेड एकाउंटेंट पर मामला दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के केशर नगर स्थित जेएलएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल के खाते से 40 लाख रूपए गबन किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त राशि के गबन के मामले में स्कूल के हेड़ एकाउन्टेट की संलिप्तता सामने आने से उसके खिलाफ पुलिस थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।




बताया जाता है कि गायत्री विद्यापीठ स्कूल के हेड एकाउंटेंट उत्तम विश्वास द्वारा स्कूल के सभी खातों का लेन-देन व कर्मचारियों के इपीएफ राशि जमा करने का जिम्मेदारी संभालता था। बीते कुछ समय से इपीएफ खाते में राशि जमा नहीं हुआ तो इपीएफ अफसरों ने स्कूल पहुंचकर इसकी जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों के ईपीएफ राशि के जमा संबंधी कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए गए लेकिन वे सभी फर्जी निकले। इसके बाद स्कूल के खातों का स्टेटमेंट निकाला गया। जिसमें हेड एकाउंटेंट उत्तम विश्वास द्वारा स्कूल की खाते की 40 लाख 38 हजार रूपए से अधिक की राशि अपने अलग-अलग खातों में निजी जरूरतों के लिए ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आई। इस पर गायत्री स्कूल प्रबंधन द्वारा हेड एकांउटेंट उत्तम विश्वास के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है।

# जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरूद्ध की गई कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव विरूद्ध कैलाश नगर निवासी हिरालाल साहू द्वारा माताजी मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा आयुष्मान कार्ड से निकालने एवं मरीज का आयुष्मान कार्ड से ईलाज होने के बाद भी नगद राशि लिए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने शिकायत की जांच के लिए जिला नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) डॉ. बीएल तुलावी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा मामले की जांच की गई।

टीम द्वारा शिकायतकर्ता हिरालाल साहू एवं अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का बयान लिया गया। प्राप्त साक्ष्यों की जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव द्वारा मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा मरीज के आयुष्मान कार्ड से ब्लॉकिंग किया गया हैं। साथ ही मरीज के परिजन द्वारा दो यूनिट ब्लड बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से स्वयं के व्यय पर लाया गया। इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के आयुष्मान कार्ड से दो यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने हेतु योजनांतर्गत ब्लॉकिंग किया गया हैं। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के परिजन से जांच हेतु नगद राशि भी लिया गया हैं, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत शासन द्वारा निर्धारित नियम के विरूद्ध हैं।

संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर को जिला स्तरीय गठित टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार कर जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीयन 3 माह हेतु निलंबित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिला स्तरीय गठित जांच समिति द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव को पत्र जारी कर योजना के दिशा-निर्देशानुसार मरीज के परिजनों से ली गई अतिरिक्त नगद राशि वापस करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही अस्पताल का योजनांतर्गत पंजीयन आगामी 3 माह के लिए निलंबित किया गया हैं। अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल में उपयोग की जाने वाली योजना संबंधी समस्त प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने एवं योजनांतर्गत नये क्लेम प्रकरण पंजीकृत नहीं करने हेतु भी निर्देशित किया गया हैं।

# छत्तीसगढ़ में अब 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं होगी दो बारः फेल हुए छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका,

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अब 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं दो बार होगी। दो बार परीक्षा का नियम राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। फरवरी मार्च में प्रथम मुख्य परीक्षा इसके बाद जून के तीसरे सप्ताह के बाद द्वितीय मुख्य परीक्षा होगी। दूसरी परीक्षा में शामिल होने के लिए पहली परीक्षा के लिए आवेदन करना जरूरी होगा। अब छात्र प्रथम मुख्य परीक्षा में असफल विषयों में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह नियम सत्र 2024-25 से पूरी तरह से लागू होगी। बता देन कि सत्र 2023-24 की परीक्षा देने वाले छात्रों को भी दोबारा परीक्षा देने के मौके को लेकर चर्चा भी चल रही है।

# सांसद एवं पूर्व सांसद ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। पौधारोपण का यह कार्यक्रम पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को स्थानीय अंबेडकर संस्कृतिक भवन, सिविल लाइन, तुलसीपुर में दोपहर के समय आयोजित किया गया। इस आयोजन में आयोजक मंडल की ओर से बौद्ध कल्याण समिति अध्यक्ष कांति फूले, भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके, मीडिया प्रभारी मयंक मेश्राम, सदस्यगण विनोद श्रीरंगे, सुशील जायसवाल, सुनील रामटेके, बालाराम कोलटे, सुबोध मेश्राम, गोलू सूर्यवंशी, संतोष मेश्राम एवं अन्य सामाजिक बंधुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन में उपस्थित गणमान्य अतिथिद्वय द्वारा सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई जिसके बाद दोनों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया और समाजिक बंधुओं को सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दिया।

# पुलिस ने आरोपी से 96 पौवा देशी प्लेन एवं 42 पौवा अंग्रेजी सिंडिकेट व्हिस्की शराब जब्त की




राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के आरोपी के कब्जे 96 पौवा देशी प्लेन शराब व 42 पौवा अंग्रेजी सिंडिकेट ह्विस्की सहित शराब बेचने में उपयोग आने वाले मोटर साइकल की जब्ती की है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने पकड़े गए आरोपी का नाम तुलेन्द्र यादव पिता गनपत यादव उम्र 24 साल निवासी मोहड वार्ड नं. 49 बताया। उन्होंने आगे बताया कि गुरुवार 6 जून को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल पुराना बस स्टैण्ड इंदिरा सरोवर के पास घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर तुलेन्द्र यादव बताया जिसके कब्जे से 96 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 8640 रूपये एवं 42 पौवा अंग्रेजी सिंडिकेट व्हीस्की शराब कीमत 5460 रूपये व मोटर सायकल कीमती 45000 रूपये जुमला शराब मात्रा 24.840 बल्क लीटर जुमला कीमती 59100 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप.क्र. 338/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय पेश कर, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रधान आरक्षक जी. सिरिल, आरक्षक रंजीत चैरसिया, प्रदीप जायसवाल, कुश बघेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आज पूर्व सीएम बघेल का मानपुर-मोहला, डोंगरगांव दौरा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शुक्रवार 7 जून को मानपुर-मोहला-अम्बागढ़ चौकी जिले सहित डोंगरगांव तहसील का दौरा करने आ रहे है। बता दे कि लोकसभा चुनाव के पश्चात श्री बघेल का यह पहला दौरा है। श्री बघेल अपने भिलाई स्थित निवास स्थान से सुबह 10 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर 12:30 बजे ग्राम मोहला पहुंचेंगे। एमएमसी जिले के ग्राम मोहला में 1.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात वे दोपहर 2.30 बजे डोंगरगांव तहसील के गांव सांकरदाहरा पहुंचेगे। वहां भी उनका कार्यक्रम आयोजित है। प्रियदर्शिनीय सांस्कृति भवन में आयोजित कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात श्री बघेल लोगों से भेंट मुलाकात के बाद 6 बजे सायं भिलाई निवास के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।



# इस्कान विहार कालोनी में कचरे से जाम नालियां, बदबू से लोग परेशान

**सफाई कर्मियों की लापरवाही से बीमारी फैलने का खतरा**

राजनांदगांव(दावा)। शहर के पश्चिम छोर पर स्थित आउटर वार्ड नं. 20 रविदास नगर के ईस्कान विहार कालोनी में साफ-सफाई व्यवस्था एकदम से चरमराई हुई है। इसके चलते यहां की नालिया कचरे से जाम है और संडाध मारते हुए आसपास के माहौल को प्रदूषित कर रही है।

इस्कान विहार कालोनी वासी राजकुमार श्रीवास्तव व अन्य लोगों ने बताया कि कालोनी की नालियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। साफ-सफाई नहीं होने से नालियां कचरे व गंदगी से भरी पड़ी है। इस गंदा पानी का निकासी नहीं होने के कारण उठने वाली बदबू से लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि इससे संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बन गया है। लोगों की माने तो नालियां कई जगह से टूटी-फूटी होने के कारण सफाई कर्मी साफ नहीं कर पाते। ऐसे ही देख कर चले जाते है। इस सम्बंध में नगर निगम को कई बार आवेदन भी दिया जा चुका है। इसके बाद भी न तो वार्ड पार्षद ध्यान दे रहा है और न नगर निगम की इस ओर नजर है। सामने बारिश है। यदि क्षतिग्रस्त नालिया नहीं बनाई गई व नालियों में भरे कचरे साफ नहीं किया गया तो कालोनी वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस्कान विहार कालोनी रेवाडीह अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय प्रशासन को ध्यान इस ओर आकृष्ट कर बारिश के पूर्व क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत अथवा नए सिरे से नाली निर्माण सहित कालोनी वासियों को कचरा गंदगी से मुक्त कराने व इससे उठने वाली संडाध से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# लोकसभा चुनावः इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे समेत 7 निर्दलीय उम्मीदवार बने सांसद

नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 292 सीटें मिली हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के हिस्से 232 सीटें आई हैं। अन्य के खाते में 17 सीटें गई हैं।इन 17 में से 7 उम्मीदवार ऐसे है, जिन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इनमें से 7 उम्मीदवारों ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया है। आइए निर्दलीय चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानते हैं।

जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां से निर्दलीय उम्मीदवार शेख अब्दुल रशीद ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को 2 लाख से 'यादा वोटों से हरा दिया है।खास बात है कि शेख ने जेल में रहते हुए उमर को पटखनी दी है। शेख फिलहाल आतंकी फंडिंग के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था।

खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को 1.97 लाख वोटों से हराया है।अमृतपाल ने भी ये चुनाव जेल में रहते लड़ा था। वे फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम



की डिब्रुगढ़ जेल में बंद है। पिछले साल लंबी भागदौड़ के बाद पुलिस ने अमृतपाल को गिरफ्तार किया था।

पंजाब की फरीदकोट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सरबजीत सिंह खालसा ने करमजीत सिंह अनमोल को 70,000 से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की है। सरबजीत इंदिरा गांधी की हत्या के आरोपी बेअंत सिंह के बेटे हैं।इससे पहले वे 2004 में बठिंडा से भी चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। 2007 के पंजाब विधानसभा चुनावों में भी सरबजीत को हार मिली थी। 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में भी वे हार गए थे।

पप्पू यादव ने बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय जीत दर्ज की है। उन्होंने मार्च में अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। तब कहा गया था कि इंडिया की ओर से पप्पू को पूर्णिया से उम्मीदवार बनाया जाएगा।हालांकि, सीट बंटवारे में ये सीट राष्ट्रीय जनता दल को चली गई और उसने यहां उम्मीदवार खड़ा कर दिया। पप्पू ने यहां 2×,000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की है।

दमन और दीव से निर्दलीय उम्मीदवार पटेल उमेशभाई बाबूभाई ने मौजूदा भाजपा सांसद लालूभाऊ बाबूभाई पटेल को 6,225 वोटों से हराया। लद्दाख से निर्दलीय मोहम्मद हनीफा ने कांग्रेस के सेरिंग नामग्याल को हराया है। ये चौथी बार है, जब लद्दाख की सीट पर किसी निर्दलीय को जीत मिली है।महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव पाटिल के पोते विशाल पाटिल ने सांगली सीट से भाजपा के संजय पाटिल को एक लाख से भी ज्यादा वोटों से हराकर जीत दर्ज की है।

## लोकसभा चुनाव में 74 महिला उम्मीदवारों ने दर्ज की जीत

नईदिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आ गए. इस बार 17वीं लोकसभा के मुकाबले महिला प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट हुई है. बीजेपी उम्मीदवार मेनका गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी इस बार लोकसभा चुनाव हार गई. जबकि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष इस बार लोकसभा चुनाव न लड़कर राजस्थान से राज्यसभा पहुंच गई. 2019 के लोकसभा में 17वीं लोकसभा के कुल 78 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंचीं थी लेकिन 18वीं लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्य कम हो गई है. दरअसल, इस बार कुल 74 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं. संख्या के लिहाज से इस बार लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 13.62 प्रतिशत होगी. इस बार सबसे ज्यादा बंगाल में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव जीता है. पश्चिम बंगाल से कुल 11 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं. इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 797 महिला उम्मीदवरा चुनावी मैदान में थीं. इनमें सबसे ज्यादा बीजेपी ने 69 महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा था. इसके बाद कांग्रेस ने 41 महिलाओं को अपना प्रत्याशी बनाया था. बता दें कि लोकसभा एवं विधान सभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाला विधेयक संसद से पारित होने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव था, हालांकि ये कानून अभी तक लागू नहीं हुआ है.

# रॉयल किड्स कान्वेंट में प्रवेश हेतु लिमिटेड सीटें

राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए पहचाने जाने वाले संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में अब कुछ कक्षाओं में सीमित सीट्स रह गई हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक पालकगण शाला कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि कुछ कंडीशंस के साथ नर्सरी की शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क दी जाएगी और इस कंडीशन के तहत पढ़ने वाले छात्रों को एक वर्ष की शिक्षा की छूट का पूर्ण बेनिफिट मिलेगा। इस योजना में सीटें सीमित है। अतः नर्सरी में प्रवेश हेतु इच्छुक पालकगण अविलंब शाला में आकर संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यकता है
रात्रिकालिन चौकीदार की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com